kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-59 ❒ सोमवार, 30 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



'मन की बात' केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने वाला एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचार देश के हर नागरिक को प्रेरित करते हैं और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।
केशव प्रसाद मौर्य

देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध 11
विकास मार्ग पर ट्रैफिक सुधरा, सफर हुआ आसान, सफर 25 से घटकर 15 मिनट पहुंचा 12

## संक्षेप

### यूपी में सोमवार से 3574 क्रय केंद्रों पर शुरू होगी गेहूं खरीद

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार यानी 30 मार्च से शुरू होगी। गेहूं खरीद की प्रक्रिया इस बार 15 जून तक चलेगी। इस बार प्रदेश में खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अब तक 3574 क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि कुल 6500 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था की जाएगी। ये केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरकार ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। साथ ही, किसानों को उतराई, छनाई और सफाई के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल अतिरिक्त दिए जाएंगे जबकि खाद्य एवं रसद विभाग ने पहले 30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा था, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। किसानों को उनकी उपज का भुगतान डीबीटी के माध्यम से 48 घंटे के भीतर करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके।

### यूपी सरकार की नई पहल, गन्ना क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ेगी भागीदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार महिलाओं को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र से जोड़ने जा रही है। इसके लिए गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल के तहत अब महिला स्वयं सहायता समूह गन्ना उत्पादन, पौध तैयार करने और वैल्यू एडिशन जैसी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को गन्ना आधारित आजीविका से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रदेश में वर्तमान में करीब 47.5 लाख गन्ना किसान चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करते हैं, जिनमें लगभग 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। वहीं, 57 हजार से अधिक महिलाएं 3,000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्नत किस्मों की पौध तैयार कर रही हैं। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ने से जुड़े अन्य कार्यों जैसे गुड़ निर्माण, जैविक उत्पाद तैयार करना और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### मोदी बोले- जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट :भारत चुनौती से निपट रहा

# अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर भरोसा करें

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं।

पीएम के संबोधन की 4 बड़ी बातें

जंग के चलते ऊर्जा संकटः साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

अफवाहों में न आएंः मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं ᵐ सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।

- ❒ मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा में नवाचार पर दिया जोर, बेंगलुरु के 'अन्वेषण' पहल की सराहना की
- ❒ मोदी का नागरिकों से जल संरक्षण का संकल्प दोहराने का आग्रह
- ❒ स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए सौर ऊर्जा अभियान से जुड़े देशवासी : मोदी



मार्च महीने में हलचलः मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं।

खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद जारीः वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। आज देश में कश्मीर ● शेष पेज 11 पर

### मोदी ने योग अपनाने और चीनी और तेल का सेवन घटाने पर दिया जोर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों से फिटनेस पर ध्यान देने और योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब 100 दिनों से भी कम समय बचा है और पूरी दुनिया में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।
श्री मोदी ने बताया कि अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस नामक व्यक्ति अपने 'अरविंद योग सेंटर' के माध्यम से योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और विभिन्न स्थानों पर लोगों को योग सिखा रहे हैं। श्री मोदी ने लोगों से खान-पान में सुधार लाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि युवराज दुआ ने उनसे अपने पिता को चीनी कम करने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया था, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। श्री मोदी ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने की अपील की और खाने के तेल में कम से कम 10 प्रतिशत की कटौती करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे बदलाव मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाने में मदद करेंगे। उन्होंने दोहराया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आज के समय की बड़ी जरूरत है और योग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# नेपाल सरकार ने छात्र राजनीति पर रोक लगाई



**एजेंसी**

- ❒ 5वीं क्लास तक एग्जाम भी खत्म, स्कूलों और कॉलेजों को अपने विदेशी नाम बदलने होंगे
- ❒ नेताओं-अफसरों की संपति की जांच की जाएगी

काठमांडू। नेपाल में प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने छात्र राजनीति पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसके साथ ही कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए पारंपरिक परीक्षाएं भी खत्म कर दी गई हैं और स्कूलों-कॉलेजों को अपने विदेशी नाम बदलकर नेपाली में रखने का आदेश दिया गया है।

सरकार ने शनिवार रात को जारी आदेश में कहा कि यह सभी फैसले अपने 100 दिन के एक्शन प्लान के तहत लिए हैं, जिसका मकसद शिक्षा को राजनीति से दूर रखना और इसे बेहतर बनाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब स्कूल और कॉलेजों में किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी। सभी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े छात्र संगठनों को 60 दिनों के अंदर अपने दफ्तर कॉलेज कैंपस से हटाने होंगे। इनकी जगह सरकार 90 दिनों के भीतर 'स्टूडेंट काउंसिल' या 'वॉयस ऑफ स्टूडेंट्स' जैसे नए प्लेटफॉर्म शुरू करेगी, जो पूरी तरह गैर-राजनीतिक होंगे और सिर्फ छात्रों की समस्याओं पर काम करेंगे। सरकार ने साफ कहा है कि अब स्कूल और कॉलेज राजनीति के अड्डे नहीं होंगे, बल्कि सिर्फ पढ़ाई के लिए काम करेंगे। लंबे समय से शिक्षा संस्थानों में चल रही राजनीतिक दखल को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

छात्रों के लिए कुछ और अहम बदलाव भी किए गए हैं। अब ग्रेजुएशन तक पढ़ाई के लिए नेपाली नागरिकता जरूरी नहीं होगी, ताकि दस्तावेजों की कमी के कारण किसी की पढ़ाई न रुके। सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन स्कूलों और कॉलेजों के नाम विदेशी हैं, जैसे ऑक्सफोर्ड, पेंटागन या सेंट जेवियर्स, उन्हें इस साल के भीतर अपने नाम बदलने होंगे।

इसके अलावा, यूनिवर्सिटीज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा के रिजल्ट तय समय के भीतर ही जारी करें। सरकार का कहना है कि अब तक रिजल्ट में देरी की वजह से छात्रों का भविष्य प्रभावित होता रहा है और कई बार उन्हें पढ़ाई छोड़कर विदेश जाना पड़ता है। सरकार का मानना है कि शिक्षा व्यवस्था में देरी और गड़बड़ी की बड़ी वजह राजनीतिक दखल रही है। नए ● शेष पेज 11 पर

# बिना मुकदमे के कारावास सजा के समान : उच्चतम न्यायालय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने यह भी कहा कि व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी वी वराले की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ ??बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं।

पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।



इसने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, ''अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है। न्यायालय ने कहा कि कुमार की गिरफ्तारी को लगभग दो साल बीत चुके हैं, लेकिन न तो मुकदमा शुरू हुआ है और न ही इसके नतीजे आने की कोई उम्मीद है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ''बिना मुकदमे के कारावास सजा के समान है। मामले का समग्र रूप से ● शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस सरकार रोड़ा न लगाती तो पहले ही शुरू हो जाता नोएडा एयरपोर्ट : मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने नोएडा अंतराराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुभारंभ को लेकर केंद्र की पूर्ववर्ती कंाग्रेस सरकार के साथ ही सपा को भी घेरा है। मायावती ने कहा कि इसकी रूपरेखा ही नहीं बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बसपा सरकार में ही शुरू हो गए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग से बेंच व उनके लिये अलग से प्रदेश बनाने का सपना न जाने कब पूरा होगा। मायावती ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि इतना ही नहीं बल्कि उस समय केंद्र की कंाग्रेस सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह काफी पहले उनकी सरकार में ही जेवर एयरपोर्ट पूरा हो गया होता। उन्होंने कहा कि जहां तक सपा सरकार का सवाल है तो इनका ज्यादातर समय उत्तर प्रदेश की गरीबी व पिछड़ेपन को दूर करने के लिए विकास के ठोस कार्मों के बजाए बसपा सरकार के गरीब तबके के हित, कल्याण व उत्थान के लिए किए गए कार्यों को निष्क्रिय करने में बीता। सपा इसके ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका ईरान में ज़मीनी अभियान की कर रहा तैयारी

**एजेंसी**

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ़्तों तक चलने वाले ज़मीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।'

अख़बार के अनुसार किसी भी संभावित ज़मीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंज़ूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़रायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान इज़रायली क्षेत्र के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों पर जवाबी हमले कर रहा है।

### ईरान ने अमेरिका और इजराइल के हवाई बुनियादी ढांचे को बनाया निशाना



**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने 'ट्रू प्रॉमिस 4' ऑपरेशन के तहत हमलों की नई लहर में अमेरिका और इज़राइल से जुड़े हवाई और ड्रोन बुनियादी ढांचे के साथ-साथ क्षेत्रीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। उसके मुताबिक, रविवार तड़के शुरू हुए इस अभियान में मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए कई रणनीतिक ठिकानों पर कार्रवाई की गई। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हवाले से बताया कि उसने जवाबी हमलों की ताज़ा लहर में अमेरिका और इजराइली हवाई और ड्रोन बुनियादी ढांचे के साथ-साथ कई क्षेत्रीय जगहों पर उनकी सेनाओं के ठिकानों को निशाना बनाया है। आईआरजीसी ने 29 मार्च को जारी बयान में बताया था कि 'ट्रू प्रॉमिस-4' ऑपरेशन की 86वीं लहर रविवार तड़के कई चरणों में शुरू की गई। इसमें आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स और नौसेना बलों द्वारा क्षेत्र में अमेरिका और इजराइली ठिकानों के खिलाफ समन्वित ● शेष पेज 11 पर

# जल जीवन मिशन में 86 फीसदी शिकायतें सिर्फ यूपी से

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में सर्वाधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश को लेकर है। देशभर से आई कुल शिकायतों में से 86 फीसदी अकेले उत्तर प्रदेश से जुड़ी थीं। लोकसभा में केंद्र सरकार ने स्वीकार किया कि राज्य में 16 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें परियोजना में देरी, गड़बड़ी, घटिया निर्माण, ठेकेदारों की लापरवाही और अधूरे कनेक्शन जैसे मामले शामिल हैं। देशभर से जल जीवन मिशन को लेकर कुल 18790 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से अकेले यूपी से जुड़ी शिकायतें ही 16178 थी। इस फ़ेहरिस्त में दूसरे स्थान पर आसाम है, जहां केवल 1226 शिकायतें ही प्राप्त हुईं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहले और दूसरे स्थान वाले राज्यों में अंतर कितना अधिक है। सरकार के अनुसार सभी शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की गई। इनमें से 15,553 मामलों में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी गई है, जबकि

- ❒ केंद्र के पास देशभर से पहुंचीं कुल 18790 में से यूपी के हैं 16178 शिकायती मामले
- ❒ इनमें सड़क टूटने, पानी न पहुंचने, काम की खराब गुणवत्ता, विलंब सहित अन्य मामले शामिल
- ❒ समय से काम पूरा न करने वाले 120 ठेकेदारों पर यूपी ने लगाया 340 करोड़ का जुर्माना

शेष मामलों में जांच जारी है। गड़बड़ियों के मद्देनजर राज्य सरकार ने 120 ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की है और कार्य में देरी के कारण 340 करोड़ रुपये का दंड लगाया गया है। थर्ड पार्टी निरीक्षण किया अनिवार्यकेंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन में योजनाओं का क्रियान्वयन राज्यों की जिम्मेदारी है, जबकि केंद्र वित्तीय और तकनीकी सहयोग देता है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मिशन में तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। सभी ● शेष पेज 11 पर

# नौ वर्षों में 9 लाख सरकारी नौकरियां, यूपी बना देश का ग्रोथ इंजनः सीएम

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

### अफवाहबाज देश का नुकसान कर रहे, जनता के कार्य में किसी प्रकार की रुकावट नहीं: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अफवाह फैलाई जा रही है। माहौल को दुष्प्रचार में बदलने का काम हो रहा है। कहीं कोई बोलता है कि 14 किलो के सिलेंडर में केवल चार किलो गैस मिल रही है। ये बचकानी हरकतें हैं। कोई झूठी अफवाह फैला रहे देश में लॉकडाउन लग जाएगा, ये लोग फालतू की बकवास करते हैं। ये अफवाहबाज देश का नुकसान कर रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री ने रविवार को लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने 20 नवचयनित नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इससे पहले नवचयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किये। सब कुछ सहज गति से चल रहाः योगीमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं है, सब कुछ सहज गति से चल रहा है। ऐसे में हमें इस समय किसी अफवाह पर ध्यान देने की बजाय देश की लीडरशिप

- ❒ लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी ने किया संबोधित
- ❒ मुख्यमंत्री रहते नोएडा नहीं गए, आज विभाजनकारी राजनीति के लिए पहुंच गए: योगी
- ❒ सीएम योगी ने की अफवाहबाजों से सावधान रहने की अपील, दुष्प्रचार से माहौल बिगाड़ने की कोशिश, सतर्क रहने की जरूरत

द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन का पालन करना चाहिये। किसी भी अफवाह में न पड़ें। अफवाहबाजों से सावधान और सतर्क रहना हैमुख्यमंत्री ने कहा है कि दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने आपूर्ति को सहज बनाने के साथ पेट्रोलियम उत्पादों के दाम को नियंत्रित करने के लिए एक्साइज ड्यूटी को





कम कर देश की 145 करोड़ की जनता को राहत दी है। यह अकेले भारत के अंदर हुआ है, दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ है। इसका लाभ केवल भाजपा और एक वर्ग विशेष नहीं ले रहा है बल्कि पूरा देश लाभ ले रहा है। सरकार का निर्णय इसी प्रकार का एक समान होता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, तो उन्हें रोकने के लिए किस-किस प्रकार के निम्न स्तरीय प्रयास प्रारंभ हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिन चलने वाले रसोई गैस के सिलेंडर के लिए हम 7वें दिन लाइन लगाने के लिए क्यों खड़े हो रहे हैं। वहीं गाड़ी की टंकी भरी है जो अगले चार दिन चल सकती है, तो हम पेट्रोल निकाल करके क्यों फिर से लाइन में खड़े हो रहे हैं। ये नहीं होना चाहिए। हमें किसी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसी महामारी में खुद की परवाह किए बिना सड़कों पर उतर करके वैक्सीन के साथ हर प्रकार की सुविधाएं दीं। ऐसे में हम विश्वास खो चुके इन अफवाहबाजों के चक्कर में क्यों पड़ते हैं? एकदम नहीं पड़ना चाहिए। मेरी अपील है कि पूरे प्रदेशवासियों से, इन अफवाहबाजों से जो हमेशा समाज का और देश की अपूरणीय क्षति करने पर उतारू होते हैं, इनसे हमें सावधान और सतर्क रहना चाहिये। यह वही लोग हैं, जो जब सत्ता में थे, तब इन्होंने कुछ नहीं किया। आज प्रदेश में पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां हो रहीं हैं जबकि वर्ष 2017 से पहले यह संभव नहीं था। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री रहते हुए नोएडा नहीं गए, लेकिन अपनी विभाजनकारी राजनीति के लिए आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहुंच गए हैं। इन लोगों ने नोएडा के विकास के लिए बाधाएं खड़ी कीं, वे आज विकास की बात करते हैं। मैं अंधविश्वास ● शेष पेज 11 पर

# सपा का एजेंडा है समाज को तोड़ना : पंकज चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पंकज चौधरी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि अखिलेश यादव का पूरा भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज़ था। जनता ने 2017 में सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को चुनने और सपा को रिजेक्ट करने को तैयार बैठी है।

श्री चौधरी ने कहा कि पीडीए के नाम पर अखिलेश यादव सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक धोखे का नया पैकेज बेच रहे हैं। जो पार्टी वर्षों तक सत्ता में रहकर गरीब, पिछड़े, दलित, किसान और नौजवान को केवल वोट बैंक समझती रही, वह आज खुद को पीड़ितों की सबसे बड़ी हितैषी बताने का नाटक कर रही है। सच्चाई यह है कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा कुछ परिवारों, कुछ चेहरों और कुछ खास वर्गों के हित को ही प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर समाजवादी पार्टी श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि उत्तर प्रदेश की जनता सच्चाई जानती है। यदि समाजवादी पार्टी इतनी ही विकासवादी होती तो उसके शासनकाल में उत्तर प्रदेश निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था में पिछड़ा क्यों रहा? जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ संकल्प का परिणाम है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े विकास इंजन के रूप में स्थापित किया है। सपा के लोग केवल फाइलों में सपने दिखाते थे, भाजपा सरकार जमीन पर परियोजनाएं उतारती है। पंकज चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण पर सपा का बयान सुनकर प्रदेश की माताएं-बहनें आश्चर्यचकित हैं। जिस पार्टी के शासनकाल को जनता गुंडाराज, छेड़खानी, दंगों, माफियावाद और अपराध के खुले संरक्षण के रूप में याद करती है, वह आज 1090 और महिला सम्मान की बात कर रही है। भाजपा सरकार ने मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक न्याय, पुलिस भर्ती और सख्त कानून व्यवस्था के जरिए महिलाओं को सुरक्षित वातावरण दिया है। सपा के शासन में बेटी घर से निकलने से डरती थी, भाजपा के शासन में बेटी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि रोजगार और पेपर लीक पर अखिलेश यादव का बयान भी पूरी तरह पाखंड है। सपा सरकार के दौरान भर्ती प्रक्रियाएं भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का प्रतीक थीं। भाजपा सरकार ने पारदर्शी भर्ती, निवेश, उद्योग, स्टार्टअप, एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और डिजिटल इकोनॉमी के जरिए लाखों रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तैयार किए हैं। जब प्रदेश बदल रहा है, तब सपा को अपना झूठ ही सहारा दिख रहा है।

श्री चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव समाज को 5% और 95% में बांटकर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। भाजपा का स्पष्ट मत है कि उत्तर प्रदेश जातीय टकराव नहीं, सामाजिक समरसता, सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। सपा का एजेंडा समाज को तोड़ना है।

# ऊर्ज़ा मंत्री ने की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ स्वीकृत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन एवं विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिशासी अधिकारियों (ईओ) एवं परियोजना अधिकारियों (पीओ, डूडा) के स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) समय से तैयार कर शासन को प्रेषित नहीं की जा रही है, उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि सभी नगरीय योजनाएं तय समय सीमा के भीतर धरातल पर उतरें और आम जनता को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या कार्य में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वंदन योजना, पेयजल योजना, कान्हा गौशाला योजना, उपवन योजना तथा आदर्श नगर पालिका योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रत्येक योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, डीपीआर तैयार करने की प्रगति, वित्तीय स्वीकृति, कार्यारंभ एवं पूर्णता की समयसीमा पर विस्तार से चर्चा की गई।

मंत्री शर्मा ने निर्देशित किया कि सभी ईओ एवं पीओ (डूडा) अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित डीपीआर को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें और समय से शासन को प्रेषित करें, ताकि स्वीकृत परियोजनाओं पर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जमीनी स्तर पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आमजन से फीडबैक लिया जाए, जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता और बेहतर बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसके माध्यम से शहरों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, सचिव रविंद्र कुमार, विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोहनलालगंज का युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ,मोहनलालगंज के मौरावां रोड निवासी एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के मुताबिक युवक की मानसिक हालत पिछले दो साल से ठीक नहीं थी, जिसका कारण पहले हुआ सड़क हादसा बताया जा रहा है। घटना के बाद से परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है।मोहनलालगंज पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहनलालगंज कस्बे में मौरावां रोड के रहने वाले मैकूलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र विकास कुमार (28) दस दिन पूर्व सुबह करीब 9 बजे घर से मसाला लेने की बात कहकर निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार, युवक पिछले 12 दिनों से लापता है।परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बताया जा रहा है कि करीब दो साल पहले हुए एक सड़क हादसे के बाद से विकास मानसिक रूप से विक्षिप्त रहने लगा था और अक्सर परेशान रहता था।विकास अपने पीछे पत्नी लज्जावती और 5 वर्षीय बेटी जानवी को छोड़ गया है। बेटे के लापता होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश कराई जाए।वही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## एलटी लाइनों के तारों में विद्युत प्रवाहित के चलते गेहूं के खेत में लगी आग

**महराजगंज,रायबरेली।** तहसील महराजगंज के राजस्व गांव मऊ में रविवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे गेंहू की पकी खड़ी फसल में आग लगने का मामला प्रकाश में आया है, पीड़ित किसानों हरिश्चंद्र यादव और तेज बहादुर ने बताया कि, उनके गेंहू के खेतों में उपर से हाई वोल्टेज एवं एलटी लाइनों के तारों में विद्युत प्रवाहित हो रही थी इसी दौरान तारों के आपस में टकराते ही उससे निकली चिंगारी से पकी खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। आगजनी की घटना की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे किसानों और ग्रामीणों तथा एक ट्यूबबेल की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने आगजनी की घटना स्थल का जायजा लिया।पीड़ित किसानों हरिश्चंद्र यादव निवासी मऊ ने बताया कि, उनकी तैयार खड़ी गेंहू की लगभग आठ बिश्वा फसल जलकर राख हो गई, जबकि तेज बहादुर यादव ने बताया कि, उनका पांच बिश्वा गेंहू की फसल पूरी तरह जली है। ख़बर लिखे जाने तक तहसील प्रशासन का कोई आलाधिकारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंचा है। दोनों पीड़ित किसानों ने कहा है कि, प्रशासन घटना की जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाए जाने में मदद करें।

## कल समाप्त हो जाएगी सरचार्ज माफी योजना

**वाराणसी।** नगर निगम द्वारा जलकर और सीवर कर के बकाये पर दी जा रही सरचार्ज (ब्याज) माफी की समय सीमा 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इसे देखते हुए रविवार को अवकाश के बावजूद जोनल कार्यालयों में गहमागहमी रही और करीब 2500 से अधिक भवन स्वामियों ने 2.35 करोड़ रुपये का राजस्व (गृहकर, जलकर व सीवर कर) जमा किया। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि सरचार्ज में छूट का लाभ केवल 31 मार्च तक ही मिलेगा। इसके बाद किसी भी स्थिति में कोई राहत नहीं दी जाएगी और अप्रैल से ही बकायेदारों के विरुद्ध कठोर व्यापक अभियान चलेगा । इसमें कुर्की व जब्ती का अभियान चलाया जाएगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने आज इस संबंध में सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले भवन स्वामियों को चिन्हित करने की कार्यवाही शुरू कर दी जाए। डिजिटल इंडिया के प्रभाव और निगम की सुगम व्यवस्था के चलते टैक्स भुगतान के तरीकों में बड़ा बदलाव दिख रहा है। रविवार को जमा हुए कुल टैक्स में खास बात यह रही कि लगभग 40 प्रतिशत भवन स्वामियों ने घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करना बेहतर समझा। नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट जरिए लोग कतारों से बचकर अपना बकाया जमाकर रहे हैं। नगर आयुक्त ने आम जनता की सुविधा के लिए 31 मार्च तक सभी जोनल कार्यालयों के टैक्स कलेक्शन सेंटर रात 9:00 बजे तक खोलने का निर्देश दिया है । यदि कोई स्वामी निर्धारित अवधि तक भुगतान नहीं करता है, तो अगले वित्तीय वर्ष (2026-27) में पिछले सभी ब्याज जोड़कर वसूली की जाएगी। इसके साथ ही, डिफाल्टरों की सूची बनाकर उनके खिलाफ कुर्की व अन्य विधिक कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। निगम ने करेत्तर मदों, जैसे दुकानों के किराये और लाइसेंस शुल्क को लेकर सबसे सख्त रुख अपनाया है। यदि इन मदों के भुगतान में देरी होती है, तो निगम ने मूल धनराशि पर सीधे 50 प्रतिशत विलंब शुल्क लगाने का निर्णय लिया है।

# सरकारी जमीनों से हटाए गए अवैध कब्जे, प्रशासन ने की कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । तहसील बारा में प्रशासन ने थाना समाधान दिवस के दौरान सख्त कार्रवाई करते हुए कई गांवों में सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। सुरवल चंदेल में नाली, सोपरी में नवीन परती, चिल्ला गौहानी में तालाब, लकहर में चकमार्ग और तेलघना में रास्ते पर हुए कब्जे हटाए गए। राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पैमाइश कर अतिक्रमण हटवाया। ग्रामीणों की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई और सभी मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील सोरांव - सोरांव तहसील में कई शिकायतों पर राजस्व टीम ने मौके पर जांच कर कार्रवाई की। आराजी संख्या 613, 8, 561, 809, 808 समेत कई भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया। पैमाइश कर अवैध निर्माण कार्य रुकवाया गया और अतिक्रमण हटवाया गया। चकमार्ग और परती जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से शिकायतकर्ताओं को राहत मिली और सभी प्रकरणों का समाधान सुनिश्चित किया गया।

तहसील कोरांव - कोरांव तहसील में संयुक्त मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस टीम ने अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की। भूमिधरी, चकमार्ग और नवीन परती भूमि पर हुए कब्जों की जांच कर उन्हें हटवाया गया। शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में मौके पर सीमांकन और पैमाइश कराई गई। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मामलों का निस्तारण किया। इस अभियान से क्षेत्र में सरकारी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। फूलपुर तहसील में चकमार्ग और खलिहान भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। चकमार्ग संख्या 816, 19 और 6 पर कब्जा हटाया गया। रघुनाथपुर में खलिहान की जमीन का सीमांकन कर उसे खाली कराया गया। चक पयागी में भी चकमार्ग को कब्जामुक्त किया गया। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पुलिस बल की मदद से सभी शिकायतों का निस्तारण कराया गया।

तहसील हंडिया - हंडिया तहसील में थाना उतरांव क्षेत्र के गांवों में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे हटवाए। दमगढ़ा, मर्दापुर और माधोपुर सियाडीह में गाटा संख्या 429, 594 और 322 की जमीनों से अतिक्रमण हटाया गया। नाला और अन्य सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। राजस्व टीम ने मौके पर जांच कर कार्रवाई की और शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में सभी मामलों का समाधान किया गया।

# खादी को बढ़ावा देने के लिए मंडल स्तरीय सेमिनार आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य करेंगे शुभारंभ

प्रयागराज। खादी के शोध, डिजाइन, मानकीकरण एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 30 मार्च को मंडल स्तरीय खादी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे आशीर्वाद गेस्ट हाउस में आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में खादी को स्वदेशी और पर्यावरण अनुकूल वस्त्र के रूप में बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा।

युवा पीढ़ी को जोड़ने पर रहेगा फोकस - सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को खादी के आधुनिक स्वरूप और फैशन में इसकी बढ़ती उपयोगिता से परिचित कराना है। कार्यक्रम में बताया जाएगा कि कैसे खादी आज के ट्रेंड के अनुसार डिजाइनर परिधान के रूप में अपनाई जा सकती है। साथ ही युवाओं को खादी उद्योग में रोजगार के अवसरों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में खादी उत्पादों की विशेषताओं, गुणवत्ता मानकीकरण, नवाचार और डिजाइनिंग पर विस्तृत चर्चा होगी। विशेषज्ञों द्वारा बताया जाएगा कि किस तरह खादी को आधुनिक बाजार के अनुरूप ढाला जा सकता है। साथ ही छोटे उद्यमियों और कारीगरों को खादी उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा।

अधिक से अधिक सहभागिता की अपील - परिक्षेत्र अधिकारी जवाहर लाल ने लोगों से अधिक संख्या में सेमिनार में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खादी अपनाकर न केवल स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकेगा। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित

# यूपी एसटीएफ ने 803 तोतों के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सीतापुर के खैराबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए तस्कर के पास से एसटीएफ ने रोजरिंग प्रजाति के 803 तोते बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को शांतिनगर कजियारा इलाके से गिरफ्तार तस्कर की पहचान शिवम पुत्र स्वर्गीय पप्पू निवासी कांशीराम कॉलोनी, खैराबाद के रूप में हुई है। एसटीएफ को पहले से सूचना मिली थी कि एक तस्कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पक्षियों को सीतापुर से दिल्ली ले जाने की फिराक में है। इस सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश्वर चन्द्र श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में टीम ने वन विभाग और वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लंबे समय से पक्षियों के व्यापार से जुड़ा है, लेकिन अधिक मुनाफ़े के लिए उसने प्रतिबंधित तोतों की तस्करी शुरू कर दी।

## क्यूएस एशियन यूनिवर्सिटी रैंकिंग में बीबीएयू ने को दक्षिण एशिया में मिली 254वीं रैंक

लखनऊ। बीबीएयू ने क्यूएस एशियन यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 801S850 बैंड में स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक प्रगति का मजबूत संकेत दिया है। साथ ही दक्षिण एशिया क्षेत्र में विश्वविद्यालय को 254वीं रैंक प्राप्त हुई है।

# ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक के खिलाफ लखनऊ में प्रदर्शन, राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में लखनऊ में रविवार को क्वीयर समुदाय और नागरिक समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बेगम हज़रत महल पार्क गेट, परिवर्तन चौक से केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन तक मार्च निकालते हुए प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस मार्च में बड़ी संख्या में छात्र, युवा, महिलाएं और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन, स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया, बापसा, सीटू सहित कई संगठनों ने एकजुटता दिखाई। पूरे मार्च के दौरान ट्रांस राइट्स मानवाधिकार हैं और संविधान की रक्षा करो जैसे नारे गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह विधेयक स्व-पहचान के अधिकार को कमजोर करता है और उसे प्रशासनिक व चिकित्सा प्रक्रियाओं के अधीन कर देता है। उन्होंने इसे नालसा बनाम भारत संघ (2014) के ऐतिहासिक निर्णय के खिलाफ बताया, जिसने ट्रांसजेंडर समुदाय को आत्म-पहचान का अधिकार दिया था। ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित संशोधन संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव के खिलाफ संरक्षण), 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है। साथ ही, बिना व्यापक चर्चा और परामर्श के विधेयक को आगे बढ़ाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक-1418/न0पा0प0 खैराबाद / 2025-26 दिनांक 25.03.2026

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा 15वां वित्त आयोग टाईड /अनटाईड ग्रांट योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त द्वितीय किस्त की धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो से ई-निविदा दिनांक 31.03.2026 से दिनांक 20.04.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20.04.2026 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 31.03.2026 05:00 PM | |
| 2 | | Tender Download | 31.03.2026 05:00 PM | 20.04.2026 11:30 AM |
| 3 | | Bid Submission | 31.03.2026 06:00 PM | 20.04.2026 11:30 AM |
| 4 | Tender Open | | 20.04.2026 12:00 AM | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर


## कोरांव में सैकड़ों गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी

# जेबी इंडेन एजेंसी ने शहरी व ग्रामीण उपभोक्ताओं को पहुंचाई सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज स्थित जेबी इंडेन गैस एजेंसी कोरांव ने रविवार को कस्बा कोरांव और ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की। एजेंसी ने लगभग 110 शहरी उपभोक्ताओं को सिलेंडर पहुंचाए, जबकि ग्रामीण इलाकों में भी बड़ी संख्या में आपूर्ति की गई।

कस्बा कोरांव में बहादुर शाह नगर के सुनील केशरी और शास्त्री नगर के नीरज कुमार केशरी जैसे उपभोक्ताओं को उनके घर पर सिलेंडर मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में तराव, कोसफरा, शमलीपुर, सेमरिहा, बैदबार और पसना सहित कई गांवों में आपूर्ति सुनिश्चित की गई। जेबी इंडेन गैस एजेंसी के मैनेजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि कस्बा कोरांव और ग्रामीण क्षेत्रों में अब नियमित रूप से होम डिलीवरी की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि जिनके कनेक्शन में फोन नंबर नहीं जुड़ा है, वे सोमवार को छोड़कर किसी भी दिन एजेंसी पर आकर केवाईसी और फोन नंबर अपडेट करवा सकते हैं। मैनेजर ने यह भी बताया कि पंजीकृत फोन नंबर से उपभोक्ता घर बैठे गैस बुक कर सकते हैं, जिसके बाद सिलेंडर की डिलीवरी उनके घर पर की जाएगी। इसके अतिरिक्त, इंडियन ऑयल वन ऐप डाउनलोड करके भी उपभोक्ता घर बैठे केवाईसी अपडेट और गैस बुक कर सकते हैं।

# योगी से मिले राज्य विवि कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी, कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए जताया आभार

## एक अप्रैल से कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा : डॉ. संजय शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने योगी सरकार द्वारा महासंघ के अनुरोध पर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव सौंप कर आभार प्रकट किया और इस कल्याणकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन करने का अनुरोध पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। इसके साथ महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने लंबित कर्मचारी समस्या पर ध्यान आकृष्ट किया। मुलाकात अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक महौल में संपन्न हुई।

महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला के नेतृत्व में महामंत्री नंदकिशोर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, समन्वयक राकेश यादव तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिवेदी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि महासंघ पदाधिकारियों ने कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महासंघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवकाश नकदीकरण की सुविधा पुनः बहाल करने और विश्वविद्यालयों में 31 दिसंबर 2001 के बाद नियुक्त दैनिक वेतन, संविदा एवं तदर्थ कर्मचारियों को विनियमित किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों व शिक्षकों को 01 अप्रैल 2026 से कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इसका शुभारंभ समारोह पूर्वक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री स्वयं लाभार्थियों को कार्ड देकर इस योजना का शुभारंभ करेंगे। डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। यह मुलाकात न केवल कर्मचारी हितों के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि भविष्य में सकारात्मक परिणामों की आशा को भी सुदृढ़ करती है। डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि महासंघ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता है एवं आशा करता है कि उनके कुशल नेतृत्व में सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# होली-ईद मिलन समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज कस्बे में रविवार को आदर्श पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन द्वारा होली व ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों व पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश की।समारोह के दौरान अतिथियों व पत्रकारों ने एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेली और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरा माहौल रंगों, खुशियों और भाईचारे से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष इरफान अब्बासी एवं महामंत्री अश्वनी यादव ने अतिथियों को गुलाल का टीका लगाकर उनका स्वागत किया।

अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करते हैं। होली और ईद जैसे पर्व हमें मिलजुलकर रहने और भाईचारे का संदेश देते हैं, जिसे हम सभी को आगे बढ़ाने की जरूरत है।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, चेयरमैन निखिल मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख मान सिंह वर्मा, प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह,सपा? नेत्री अर्चना रावत, वरिष्ठ पत्रकार राकेश पांडे, ए.के. सेठ, संतोष सिंह, डॉ. राजपाल सिंह, सभासद संतोष शर्मा, शिवा मिश्रा, राजीव दीक्षित, अनुपम मिश्रा, इंद्रेश प्रताप, मोनू वर्मा,दिव्यांशु त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक व पत्रकार उपस्थित रहे।

## कविता और हास्य-व्यंग्य के माहौल के बीच संपन्न हुआ होली मिलन समारोह




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्वकर्मा समाज की विभिन्न सामाजिक समितियों के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन प्रेक्षागृह में रविवार को सामूहिक होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीयशी विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में भजन, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में कवियों ने कविता और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, भाजपा नेता डॉ. कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सपा नेता डॉ. शशिकांत शर्मा, जेलर अनिल विश्वकर्मा और एसडीएम राजेश विश्वकर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आयोजकों में अखिलेश मोहन विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, सुशील कुमार शर्मा, विजय विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और वैष्णवी आर्ट के कलाकारों ने प्रस्तुत फूलों की होली का आनंद लिया।

## अलीगंज पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त को दबोचा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को वादिनी द्वारा थाना अलीगंज मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिसमे उसके भाई राकेश यादव पर अभियुक्त द्वारा पेट्रोल डाल कर आग लगा दी गई जिसमे वो बुरी तरह जल गया बताया जा रहा है कि पीड़ित पक्ष को जान का खतरा था जिसपर पुलिस ने सक्रियता से काम करते हुए आरोपी को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुरनिया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त का नाम अमरसेन चौधरी उर्फ़ बरगर है जिसका पुराना आपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है अभियुक्त पर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

## घोड़सारा में शिव बारात की धूम



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहरौली क्षेत्र के कल्याण खेड़ा मजरा घोड़सारा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शिव बारात का भव्य आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। कथा पंडाल से निकली शिव बारात गांव के शिव मंदिर तक पहुंची, जहां बड़ी संख्या में शिव भक्त बाराती बनकर शामिल हुए और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कथा वाचक श्रीकृष्णानंद मृदुल जी महाराज के मुखारविंद से शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे और भक्ति रस में झूमते नजर आए। कथा स्थल पर भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विमल वर्मा के नेतृत्व में आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो रहा है। कथा के दौरान मां दुर्गा और खाटूश्यामजी की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकियों को देखकर श्रद्धालु भक्ति में डूबकर नृत्य करते नजर आए और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

## आईजीआरएस शिकायत में गड़बड़ी का आरोप

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज विकासखंड के डिघारी गांव में सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव निवासी योगेंद्र शुक्ला ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर पूर्व प्रधान ज्ञान प्रकाश पर गाटा संख्या 299 (तालाब की जमीन) पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद जांच लेखपाल शिखा यादव को सौंपी गई, लेकिन शिकायतकर्ता और ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर निष्पक्ष जांच किए बिना ही रिपोर्ट लगाकर कब्जे से इनकार कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और संदेह बढ़ गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि तालाब की जमीन पर कब्जा होने के बावजूद रिपोर्ट में वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज कर पूर्व प्रधान को क्लीन चिट दे दी गई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष पुनः जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## 50 बेटियों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक विवाह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिशु मंदिर इंटर कॉलेज गोसाईगंज में आयोजित दसवें सर्व समाज हिंदू कन्या विवाह संस्कार महोत्सव में 50 बेटियों का सामूहिक विवाह भव्य रूप से संपन्न हुआ। ॒श्री रघुवर कोमल कमलनयन को, पहनाओ जयमाला॑ गीत के बीच बेटियों ने दूल्हों को जयमाला पहनाई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पिछले 10 वर्षों से पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष नागेश कुमार और समाजसेवियों के सहयोग से गरीब बेटियों की शादी कराई जा रही है तथा उन्हें गृहस्थी का सामान भी दिया जाता है। इस बार विवाह आर्य समाज के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ और गंगा आरती व फूलों की वर्षा ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम में अनिल कुमार गुप्ता, नागेश कुमार, स्वामी अभिषेक देव, पियूष कांत, अनिल वर्मा, उदय राज वर्मा सहित हजारों लोग मौजूद रहे और नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

## चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत

**बख्शी का तालाब ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत ग्राम तारानपुर में राजस्व अभिलेखों में दर्ज चकमार्ग पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में भाकियू नेता अमरेंद्र सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम तारानपुर में गाटा संख्या 27 राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा उस पर पक्की बाउंड्री बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है और उसे अपनी निजी भूमि में मिला लिया गया है। इससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है और किसानों को खेतों तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।भाकियू नेता ने मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराए और राजस्व अभिलेखों के अनुसार चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराकर रास्ता खाली कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों के साथ आंदोलन किया जाएगा।इस संबंध में राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है, मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 251 कन्याओं को भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में रविवार को ग्राम प्रधान विकास पटेल ने अपनी 14वीं वैवाहिक वर्षगांठ को समाजसेवा और धार्मिक आस्था के साथ बड़े ही भव्य रूप में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गांव की 251 कन्याओं को भोजन कराकर, फल-मिष्ठान खिलाकर और थाली वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में खास पहचान बनाई और लोगों ने इस पहल की सराहना की। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान विकास पटेल पिछले कई वर्षों से अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को सेवा और संस्कार के रूप में मनाते आ रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उन्होंने कन्या भोज का आयोजन कर बेटियों के सम्मान और समाजसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में कन्याओं के स्वागत से लेकर भोजन तक की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन में धार्मिक और सामाजिक माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने ग्राम प्रधान व उनकी धर्मपत्नी दीपिका पटेल की इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से बेटियों के सम्मान और सेवा भाव को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान विकास पटेल ने सभी कन्याओं का आशीर्वाद लेकर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# विद्यालय अंधेरे में, असामाजिक तत्वों का अड्डा बना परिसर

## स्ट्रीट लाइट खराब, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं बालिका इंटर कॉलेज इन दिनों भारी अव्यवस्थाओं का शिकार हैं। विद्यालय परिसर में लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं, जिसके कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता है। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, शाम होते ही विद्यालय परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी और जुआरी यहां जमावड़ा लगाते हैं, जिससे न केवल विद्यालय की गरिमा प्रभावित हो रही है बल्कि क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल भी बन गया है।

क्षेत्र की महिलाओं और बेटियों के लिए इस मार्ग से गुजरना अब खतरे से खाली नहीं रह गया, शाम के समय इस रास्ते से निकलना बेहद असुरक्षित महसूस होता है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या के बावजूद न तो विद्यालय प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम ने इस ओर ध्यान दिया है।

# 350 गणवेश धारी स्वयं सेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डी ए वी इंटर कॉलेज ऐशबाग के प्रांगण में लखनऊ पश्चिम भाग का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 350 गणवेश धारी स्वयं सेवकों ने भाग लिया ।

पश्चिम भाग के सभी दस नगरों ने अपने अपने शारीरिक प्रदर्शन की जो तैयारी की उसका सुंदर प्रदर्शन किया ।उसके पश्चात सामूहिक रूप से सभी स्वयंसेवकों ने योग और आसन का भी सामूहिक प्रदर्शन किया , जिसकी भव्यता बहुत ही सुंदर थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवध प्रांत के शारीरिक शिक्षण प्रमुख भगवान सहाय ने शारीरिक प्रधान कार्यक्रम की सुंदर रचना के बारे में चर्चा की तथा प्रारंभ से शारीरिक आयाम में समय समय पर किस प्रकार से संशोधन और निरंतर शोध करके किस किस प्रकार से विषयों को संकलित किया गया है उस पर विधिवत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रारंभ से आज तक शारीरिक विषयों को स्वयं सेवकों/ कार्यकत्ताओ ने कठिन लगन और तपस्या -निरंतर अभ्यास से शारीरिक तथा घोष विषयों को तैयार किया उसको हम सभी प्रत्यक्ष प्रदर्शित कर पा रहे है ।

कार्यक्रम में भाग कार्यवाह अनुज , सह भाग कार्यवाह बलराम , भाग प्रचारक मनोज, सभी नगरों के नगर संघचालक व वरिष्ठ स्वयं सेवक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक हर्ष के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ ।

# मामूली विवाद में ऑटो चालक की पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जहां एक ऑटो रिक्शा चालक के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। घटना 3 दिन पूर्व 27 मार्च बेगरिया डाल के पास की बताई जा रही है। जहां बुकिंग लेकर पहुंचे चालक को सिर्फ वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इरफान नामक ऑटो चालक निर्धारित स्थान पर सवारी लेकर पहुंचा था। और उसने अपना ऑटो सड़क किनारे खड़ा किया। इसी दौरान पास के एक मकान में रहने वाली महिला ने उसे वहां वाहन खड़ा करने से मना किया और नाली के पाइप के टूटने की आशंका जताई। चालक द्वारा सावधानी बरतने का आश्वासन देने के बावजूद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि महिला के बेटों ने मौके पर पहुंचकर इरफान के साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि उसे बिना किसी ठोस कारण के बेरहमी से पीटा गया। अब घटना के तीसरे दिन ऑटो चालक के कथित सिफारिशों के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। इस दौरान महिला पक्ष की ओर से भी तीसरे दिन एक लिखित तहरीर दी गई। जिसमें ऑटो चालक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया। हालांकि इस आरोप को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि छेड़छाड़ जैसी गंभीर घटना हुई थी। तो तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना क्यों नहीं दी गई? पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह तहरीर केवल बचाव के लिए बाद में तैयार की गई है। गंभीर बात यह भी है कि मामले में अब तक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि पुलिस ने अब तक घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच नहीं की है। बुकिंग करने वाले व्यक्ति का बयान तक दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित पक्षों के बार बार शिकायत के बावजूद मुकदमा दर्ज करने में टालमटोल की जा रही है इन सबके बीच पीड़ित चालक खुद को असहाय और निराश महसूस कर रहा है। उसने लखनऊ पुलिस की कार्यशैली पर सीधे सवाल उठाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## महिला का मंगलसूत्र झपटने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सरोजिनी नगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर पुलिस द्वारा एक महिला का मंगलसूत्र झपटने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा हुआ मंगलसूत्र और लॉकेट भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार, यह घटना 1 मार्च 2026 को हुई थी। न्यू गुडौरा क्षेत्र में राहुल यादव की मां बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रही थीं वहीं स्थित भारत पेट्रोलियम के पीछे वाली सड़क पर एक अज्ञात युवक ने पैदल आकर उनका मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में थाना बिजनौर में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।28 मार्च 2026 की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर मनीष यादव गेट की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे से आरोपी अभिषेक रावत उर्फ नाटिया (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। वह छुआरा खेड़ा, न्यू गुडौरा, थाना बिजनौर का निवासी है। उसके पास से छीना गया मंगलसूत्र भी बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।पूछताछ में आरोपी अभिषेक रावत ने बताया कि वह कृष्णानगर स्थित एक तेल कंपनी में काम करता है। वह पैदल लोगों की रेकी कर अंधेरे का फायदा उठाकर छिनैती की वारदातों को अंजाम देता था।पुलिस के अनुसार, आरोपी अभिषेक रावत के खिलाफ थाना बिजनौर में पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## शराब के नशे में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव में एक युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्जनपुर निवासी मुकेश यादव ने पुलिस को सूचना दी कि उसका छोटा भाई टिंकू यादव (23) ई-रिक्शा चलाने का काम करता था और शराब पीने का आदी था। बताया गया कि शनिवार की रात वह अत्यधिक शराब पीकर घर आया था। देर रात उसने कमरे में सीलिंग फैन में चादर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सुबह जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 11 हजार लाइन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

## ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है। 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मकान मालिक और ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार, गोसाईगंज के सदरपुर करोरा पूर्व निवासी अम्बरदीन (50) को ठेकेदार मनीराम द्वारा निर्माण कार्य के लिए खुर्दही माढ़रमऊ स्थित एक निर्माणाधीन मकान पर बुलाया गया था। बताया जा रहा है कि मकान मालिक सम्राट भट्ट के इस निर्माणाधीन भवन की छत के पास से 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन गुजर रही थी।

परिजनों का आरोप है कि मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के हाईटेंशन लाइन के बेहद करीब काम कराया जा रहा था। इसी दौरान काम करते समय अम्बरदीन अचानक करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

आरोप है कि घटना के बाद मकान मालिक और ठेकेदार ने मामले को छिपाने का प्रयास किया और परिजनों को देर से सूचना दी। बाद में मजदूरों से जानकारी मिलने पर परिवार मौके पर पहुंचा, जहां उन्हें बताया गया कि अम्बरदीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक अम्बरदीन मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे चंदा, विकास और एक पुत्री लक्ष्मी हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों ने ठेकेदार और मकान मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि यह हादसा उनकी घोर लापरवाही और दबाव में काम कराने के कारण हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कस्बा मिश्रित में गुटका पान मसाला के जमांखोर आम जनता की जेब पर खुले आम डाल रहे डांका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रित सीतापुर / वर्तमान समय कस्बा मिश्रित में गुटखा पान मसाला जमाखोरों को कानून का डर नहीं रह गया हैं । खुले आम कालाबाजारी का राज चल रहा है । गुटका जमांखोर दिन दहाड़े आम जनता की जेब पर डांका डाल रहे हैं । मार्केटिंग इंस्पेक्टर सहित जिम्मेदार अधिकारी छापेमारी और कार्यवाही करने के बजाय पूरी तरह मूंक दर्शक बने हुए हैं । कस्बा मिश्रित के चंद रसूखदार थोक विक्रेता यह कालाबाजारी का खेल खेल रहे हैं । जो अपना गोदाम भरने के साथ ही गुटखा पान मसाला की कीमतों को आसमान तक पहुंचा दिया है । गुटखा पान मसाला का 130 रुपए में मिलने वाला पैकेट 280 के पार बिक रहा है । यह लोग मार्केट में पान मसाला की कमी बताकर जनता को ठगने का कार्य कर रहे हैं । सूत्रों की माने तो कस्बा मिश्रित सहित अन्य शहरों में थोक विक्रेता अपने गोदामो में लाखों रुपए का माल डंप करके रखा हुआ है । ताकि बाजार में हाहाकार मचे और मुनाफाखोरी की जा सके । आपको बता दें कि राजश्री व किशोर आदि पान मसाला का पैकेट 130 रुपए में बिकता था । जो आज 180 से लेकर 200 के पार चल रहा है । इसी तरह प्रत्येक पान मसाले का पैकेट दो से तीन गुना रेट पर खुले आम बेचकर मुनाफाखोरी की जा रही है । गौरतलब बात यह है । कि शासन द्वारा प्रत्येक वस्तु का एक निश्चित मूल्य निर्धारित है । फिर भी यहां पर तैनात मार्केटिंग इंस्पेक्टर सहित जिम्मेदार अधिकारी इन जमांखोरों के विरुद्ध कोई छापेमारी और कार्यवाही नही कर रहे है । जिससे यहां की आम जनता काफी आक्रोषित है ।

इस लिए यहां के स्थानीयनिवासियों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस आकर्षित कराते हुए थोक विक्रेताओं की गोदामों में छापेमारी कराकर जमांखोरो के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं ।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में फातिमा शेख के जीवन एवं शिक्षा में योगदान पर राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न

## बालिका शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक जागरूकता पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर(ब्यूरो)। स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में फातिमा शेख के जीवन एवं शिक्षा में योगदान कर दीजिए विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी के सहयोग से भारत एजुकेशनल वेलफ़ेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा, समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शफात हुसैन (निदेशक, उ.प्र. वक्फ विकास निगम, लखनऊ) ने अपने संबोधन में बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आलमीन अली ने की, जिन्होंने फातिमा शेख के संघर्षपूर्ण जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। सेमिनार के समन्वयक इंजीनियर मो. अनीस (निदेशक, तकनीकी शिक्षा विकास एवं जनकल्याण संस्थान, लखनऊ) ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि आयोजन सचिव प्रो. अमिय कुमार एवं संरक्षक प्राचार्या प्रो. कामिनी वर्मा ने छात्राओं को फातिमा शेख के ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराया और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रजनी कंात (प्राचार्य, आरएमपी पीजी कॉलेज, सीतापुर) एवं डॉ. राजीव द्विवेदी (प्राचार्य, डीडीयू राजकीय पीजी कॉलेज, सीतापुर) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में समानता और जागरूकता का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. कीर्ति शर्मा, डॉ. दाऊद अहमद, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, प्रो. कल्पना सिंह, डॉ. अजीत यादव, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. नीलम यादव तथा डॉ. शालिनी चौधरी ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से फातिमा शेख के योगदान, महिला शिक्षा की चुनौतियों और वर्तमान परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे छात्राओं व प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिकेश द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर मो. अनीस ने प्रस्तुत किया। सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्राओं, शिक्षकों एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल और सार्थक रहा।

# सीतापुर के शहीद अग्निवीर का पार्थिव शरीर ससम्मान पहुंचा गांव, भारी भीड के बीच हुआ अंतिम संस्कार

## भारत माता के शहीद सैनिक पुत्र को परिजनों के साथ क्षेत्रीय अपार भीड ने दी अश्रुपूरित आंखों से अंतिम विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जनपद के लाल शहीद अग्निवीर का शव ससम्मान रविवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच थल सेना के जवानों के साथ शहीद के पैतृक गांव पहुंचा।जहां पर परिजनों के साथ नम आंखों से क्षत्रीय भारी जनमानस के बीच सैनिको की सलामी के बाद अंतिम विदाई दी गई।

सीतापुर जनपद के कोतवाली देहात के अंतर्गत ग्राम पकरिया धापूपुर निवासी रिटायर्ड सैनिक अर्जुन लाल के 25वर्षीय पुत्र इंद्रजीत गुप्ता जो अगानिवीर के तहत थल सेना में काश्मीर के कुपवाडा में अपनी सेवायें दे रहे थे। उनका कुछ दिन पूर्व अचानक निधन ड्यूटी के दौरान कार्यस्थल पर हो गया था।आज रविवार को शहीद सैनिक इंद्रजीत गुप्ता का पार्थिव शरीर सैनिक सम्मान के साथ सेना के जवानो के संरक्षण में लाया गया।ताबूत के पहुंच ते ही भारी जनसमुदाय ने नम आंखों के साथ गगनभेदी नारो ''जबतक सूरज चांद रहेगा इंद्रजीत तेरा नाम रहेगा'' भारत माता की जय ,इंद्रजीत अमर रहें आदि नारों से अपने शहीद लाल को अंतिम विदाई दी।तदुपरांत भारी जनमानस के साथ शहीद सैनिक का पार्थिव शरीर शमशान के लिए अपनी अंतिम यात्रा पर गगनभेदी नारों के साथ निकला।श्मशान घाट पर अमर शहीद अग्निवीर सैनिक को थल सेना के जवानों के व्दारा अंतिम सलामी दी गई। शहीद सैनिक के पिता अर्जुन लाल ने बताया कि अभी 06मार्च को इंद्रजीत मेरा आर्शीवाद लेकर ड्यूटी पर गया था।मेरे बेटे ने अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा लिया है।इस अवसर पर परिजनों के साथ समस्त जनपद में शोक की लहर छायी हुई है।

# बीरमपुर गांव में 14 वर्षीय बालक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला, इलाके में सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा (सीतापुर) । थाना मछरेहटा क्षेत्र के बीरमपुर गांव में को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 14 वर्षीय बालक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के भाई संतोष कुमार ने बताया कि बालक गांव के ही कुछ के साथ बकरी चराने गया था। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में बालक का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही थाना मछरेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मछरेहटा प्रभात गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिससे मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बेटी हर्षदीप का ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग प्रोग्राम में चयन, जिले का बढ़ाया मान

सीतापुर(ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की होनहार बेटी हर्षदीप कौर ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत उल्जापुर की मूल निवासी है वर्तमान समय मे गुरुनानक कालोनी में रह रही है एवं दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज की छात्रा हर्षदीप कौर का चयन यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ में आयोजित पावरलिफ्टिंग ट्रायल के आधार पर ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग प्रोग्राम के लिए हुआ है। 28 मार्च को आयोजित इस ट्रायल में अंडर-63 किलो ग्राम वर्ग में हर्षदीप कौर ने स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। उनके इस दमदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि छोटे गांवों की बेटियां भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। ट्रायल का संचालन अनूप सर द्वारा किया गया, जबकि हर्षदीप को कोच जाकिर सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता का भी अहम योगदान रहा है। पिता राजविंदर सिंह और माता कवलजीत कौर ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया, जिसका परिणाम आज पूरे जिले के सामने है। हर्षदीप की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों और कॉलेज परिवार ने इसे जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा बताया है। यह सफलता उन तमाम बेटियों के लिए एक संदेश है कि अगर मेहनत और आत्मविश्वास हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं

## डीएम का औचक निरीक्षणः स्कूल में अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी, शिक्षकों व अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा आज उच्च प्राथमिक विद्यालय ककराही (कम्पोजिट) हरगांव सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की संख्या एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। बच्चों के पंजीकृत की संख्या की जानकारी लेते हुये संख्या के अनुसार अत्यधिक कम बच्चे मिलने एवं कई बच्चे बिना यूनीफार्म के होने पर पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने शिक्षकों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। मास्टर रजिस्टर बनाये जाने हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करने पर इन्चार्ज प्रधानाध्यापक जाहिरा बानों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निपुण तालिका का भी अवलोकन किया। कक्षा-2 के बच्चों से वार्ता करते हुये पुस्तिका पढ़वायी, जो सही से बच्चे द्वारा नही पढ़ी जा सकी एवं विद्यालय में अन्य कमियां पाये जाने पर सभी शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह को दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने विद्यालय के रसोई घर पहुंचकर बच्चों को दिये जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी लेते हुये पके हुये भोजन की गुणवत्ता को भी परखते हुये गुणत्ता सही न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं इन घोर लापरवाही के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकान्त मौर्य को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये।

## 25 हजार लेने का आरोप, थाना अध्यक्ष पर पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर जनपद के थाना सदरपुर क्षेत्र के गांव मनिकापुर, तहसील बिसवां निवासी प्रेम देवी पत्नी हरीश ने थाना अध्यक्ष मुकेश वर्मा पर ?25,000 लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उसने करीब 20 दिन पहले जमीन विवाद को लेकर थाने में तहरीर दी थी। आरोप है कि समझौते के नाम पर पहले ?50,000 की मांग की गई, बाद में ?25,000 लेकर मामला निपटाने की बात कही गई। प्रेम देवी का कहना है कि उसने किसी तरह ?25,000 की व्यवस्था कर नगद दे दिए, लेकिन इसके बाद भी न तो जमीन का समाधान हुआ और न ही कब्जा रुका। जब विपक्षी द्वारा दोबारा निर्माण शुरू किया गया तो उसने 112 पर सूचना दी, जिससे कुछ समय के लिए कार्य रुक गया। पीड़िता का आरोप है कि दोबारा थाना अध्यक्ष से शिकायत करने पर उन्होंने काम करने से मना कर दिया और शिकायत करने पर कार्रवाई की धमकी दी। मामले को लेकर पीड़िता ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री तक अपनी शिकायत करूंगी ।

## बाइक टकराव के बाद महिला की हत्या, गांव में तनाव

लखीमपुर-खीरी (अज़ान)। बघमरा गांव में बाइक टकराने के बाद हुए विवाद में बीच-बचाव करने आई कमला देवी (50) की पिटाई से मौत हो गई। घटना पुरानी रंजिश के चलते और बढ़ गई। पुलिस ने पांच आरोपियों—अनुराग गौतम, बसंत, पंकज, दिनेश और मिश्रीलाल—के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। गांव में तनाव, पुलिस बल तैनात, परिजनों ने कार्रवाई तक अंतिम संस्कार रोका।

## झगड़े का बीच बराव करने गई महिला के सर पर मारी सरिया गंभीर रूप से हुई महिला घायल पुलिस परसोल समझौता करने का दबाव बनाने का आरोप

लखीमपुर खीरी । थाना मैलानी बांकेगंज चौकी अंतर्गत ग्राम रामनगर ग्रांट नंबर 11 के दुष्यंत, सूरज ,विशाल पुत्र मिथलेश व उनकी पत्नी यह लोग दिनांक 27, 3.2026 लगभग शाम 8:00 के करीब आपस में लड़ाई झगड़ा मारपीट कर रहे थे तभी प्रार्थी रंजीत व उनकी पत्नी धन देवी रिश्ते में भैया भाभी हैं यह लोग बीच बराव करने लगे तभी विपक्षी गणों में सूरज विशाल पुत्र मिथलेश व मिथिलेश की पत्नी ने प्रार्थी रंजीत को डंडों से मारा पीटा और जब प्रार्थी की पत्नी धन देवी ने बीच बराव करने की कोशिश की तो विपक्षी गणों ने धन देवी को घसीट कर लोहे की सरिया से मारा पीटा है जिससे प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी को काफी गंभीर रूप से चोटें आई हैं प्रार्थी रंजीत की पीठ व पत्नी के सर को लोहे की सरिया से मार कर चोटिल कर दिया वहीं विपक्षी मारपीट करने के उपरांत जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए इसके उपरांत प्रार्थी रंजीत अपनी पत्नी को बांकेगंज सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने गंभीर चोटे देखकर उन्हें भर्ती कर लिया और इलाज चालू किया वहीं प्रार्थी रंजीत ने थाने में लिखित प्रार्थना पर देकर दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है ।

# एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी जिले के निघासन क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली निघासन का औचक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली परिसर का गहनता से अवलोकन करते हुए कार्यालय, मालखाना, हवालात और मैस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधों और पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि। थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी को न्याय मिलना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार, कोतवाली प्रभारी अवधराज सिंह सेंगर सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों में व्यवस्था को लेकर गंभीरता और सक्रियता देखने को मिली।

## मदरसा नूरूलहुदा में परीक्षा फल वितरण समारोह आयोजित, मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



शाहजहांपुर। मदरसा नुरुलहुदा बिजलीपुरा में वार्षिक उत्सव एवं परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक हाजी रिजवान खान रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य डॉ. एसपी कौशल एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य मनीष सिंह परिहार, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के प्रोफ़ेसर डॉ. आदर्श पांडे, डॉ. विकास खुराना, मृदुल शुक्ला मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों पर चलने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जिसके पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने ''सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा'' एवं ''तू कुजा मन कुजा'' जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के कुरान शरीफ पढ़ चुके छात्र-छात्राओं को कुरान शरीफ वितरित किए गए। इस मौके पर शाकिर हुसैन, इमरान खान, नेचुरल गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शाइस्ता नसीम, परवेज अहमद, सरताज अहमद, हामिद खिजर, असगर यासिर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जुबेर आलम अंसारी ने किया और अंत में मदरसा प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# खंडित प्रतिमाओं का पूजन नहीं होता, शहीदों की नई प्रतिमाएं लगाई जाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। नगर निगम कार्यालय परिसर में कई वर्षों से स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं को रात के अंधेरे में तोड़ दिया गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ और कई संगठनों और राजनीतिक पार्टियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले को संज्ञान में लेने के बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर आनन फानन में नगर निगम कार्यालय परिसर में उन्हीं प्रतिमाओं को मरम्मत करके लगा दिया गया। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है। जिसमें पहले नगर आयुक्त ने कहा था कि प्रतिमाएं नई लगेगी, लेकिन बाद में उन्ही प्रतिमाओं की मरम्मत करके स्थापित किया गया है। जिस पर विवाद खड़ा हो गया है।

इसको लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष राजीव कुमार एवं महासचिव विजय तन्हा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया कि शहीदों की प्रतिमाओं को रात के अंधेरे में तोड़कर मुख्यमंत्री के निर्देश पर 24 घंटे में उन्हीं प्रतिमाओं को ठीक कराकर स्थापित कर दिया गया। कहा कि मान्यता के अनुसार खंडित प्रतिमाओं का पूजन नहीं किया जाता है, शहीदों के प्रति हमारी श्रद्धा का सम्मान रखते हुए नई प्रतिमाएं लगाई जाएं। वहीं,नगर निगम कार्यालय में अब अधिकारी तथा कर्मचारी दो फाड़ होते नजर आ रहे हैं। कुछ इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि जिलाधिकारी की संस्तुति पर निलंबित किए गए जूनियर इंजीनियर प्रमोद कुमार तथा सहायक इंजीनियर मनोज कुमार छुट्टी पर थे। ऐसे में उन्हें निलंबित करने पर निगम कर्मचारी अफसोस जाहिर कर रहे हैं। इधर, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन कुमार सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी ने अपने अधिकारियों को बचाने के लिए आनन फानन में बिना तथ्यों को जानकर दो इंजीनियरों को निलंबित करने की संस्तुति कर दी। यह सब इस मामले से ध्यान हटाने के लिए किया गया है। उन्होंने इससे पूर्व मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस पूरे मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करने की मांग भी की थी।

उधर,निलंबित किए गए जूनियर इंजीनियर प्रमोद कुमार ने बताया कि वह छुट्टी पर गाजियाबाद में अपने बच्चों के पास थे, मूर्तियां तोड़ने वाले वीडियो में कहीं भी इंजीनियर नहीं थे एवं जो टेंडर हुआ था, वह मूर्ति तोड़ने का नहीं, बल्कि मूर्तियों को पीछे हटाकर स्थापित करने का था। उनका कहना है कि अगर हमें सूचना दी जाती तो कभी भी वो प्रतिमाओं को तोड़ने नहीं देते। प्रमोद कुमार ने आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जब कार्य ठेकेदार से कराया जा रहा था, तो फिर नगर निगम की जेसीबी मूर्तियां तोड़ने में क्यों प्रयोग की गई तथा ड्राइवर भी नगर निगम का ही था। उनका आरोप है कि नगर निगम की मशीनें किसके आदेश पर मूर्ति तोड़ने के लिए दी गई थी। बता दें की काकोरी कांड के शहीदों की प्रतिमाएं नगर निगम कार्यालय परिसर में कई वर्षों से लगीं थीं। जिन्हें रविवार रात में बुलडोजर से तोड़ दिया गया और उन्हें कूड़ा घर में फेंक दिया गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इस घटना का संज्ञान लिया। जिनके आदेश पर प्रशासन ने आनन फानन में जूनियर इंजीनियर तथा सहायक इंजीनियर को निलंबित कर दिया और कार्यदाई संस्था के विरुद्ध मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' से रोशन हो रहे घर, घट रहा बिजली खर्च : बीएल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वें संस्करण को उझानी नगर में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सुना। दातागंज नगर में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सुना। बदायूँ के ग्राम दुगरैया में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सुना। दातागंज नगर में कैम्प कार्यालय पर दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने सुना। सिविल लाइन मंडल में कैम्प कार्यालय पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने सुना। तथा पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनपद विभिन्न बूथ पर मन की बात के कार्यक्रम को सुना। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के माध्यम से सौर ऊर्ज़ा को एक जन-आंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' आज देश के करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि अब आम नागरिक ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर लोग न केवल अपने बिजली बिल में कमी ला रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली से आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के कई युवाओं ने सोलर तकनीक में प्रशिक्षण लेकर इसे रोजगार का माध्यम बना लिया है और आज वे सफल उद्यमी के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सस्ती ऊर्ज़ा का यह मॉडल भविष्य के भारत की मजबूत नींव है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा 'मन की बात' सुनने के बाद यह प्रेरणा मिलती है, कि किसान और युवा अब पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर नवाचार को अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तालाब आधारित मत्स्य पालन और समुद्री शैवाल की खेती जैसे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा ये पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही हैं और लोगों की आय में वृद्धि कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ नए प्रयोग अपनाना ही प्रगति का मार्ग है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब हजारों लोग एक साथ मिलकर पौधारोपण जैसे कार्य करते हैं, तो वह एक जन-आंदोलन का रूप ले लेता है। प्रधानमंत्री मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा 'मन की बात' सुनने के बाद यह समझ में आता है, कि समाज के छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक महिला उद्यमी का उदाहरण देते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी संकल्प और मेहनत के बल पर बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। साथ ही कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं, जो समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और छोटे-छोटे प्रयास मिलकर ही एक मजबूत और विकसित राष्ट्र का निर्माण करते हैं। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' सुनने के बाद यह स्पष्ट होता है, कि जनभागीदारी ही किसी भी बड़े परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर किसी कार्य को करता है, तो उसके परिणाम भी व्यापक और प्रभावशाली होते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे सामाजिक कार्यों, पर्यावरण संरक्षण और नई तकनीकों को अपनाने में आगे आएं और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' सुनने के उपरांत यह स्पष्ट रूप से महसूस होता है, कि देश में बदलाव की एक सकारात्मक लहर चल रही है, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज लोग केवल अपने बारे में नहीं सोच रहे, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे हैं। साथ ही कहा कि यदि हम सभी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो निश्चित रूप से देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, एमपी सिंह राजपूत, सचिन अग्रवाल, अजय तोमर, नौरंग पाल, ग्रीशपाल सिसौदिया, तेजपाल सागर, कृष्ण चंद्र शर्मा, हर्षवर्धन राजपूत, रेनू सिंह, अखिल अग्रवाल, नरेंद्र सागर आदि जनपद में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बूथों पर मन की बात सुना।

# एसआईटी जांच लगभग पूरी, सामने आएगी हत्याकांड की हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के मामले में एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इस हत्याकांड की हकीकत सामने आएगी। एचपीसीएल के दो अधिकारियों की हत्या के मामले में एसआईटी (विशेष जांच दल) की जांच लगभग पूरी हो गई है। जल्द इसकी हकीकत सामने आने की उम्मीद है। फिलहाल, अधिकारियों और कुछ सफ़ेदपोश नेताओं की धड़कनें बढ़ी हुई हैं रिपोर्ट सामने आने के साथ इनकी भूमिका भी स्पष्ट हो जाएगी। 12 मार्च को बदायूं के सैजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट में तैनात दो अधिकारियों सुधीर गुप्ता व हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह ने मुसाझाग थाने में समर्पण कर दिया था। हत्याकांड के बाद पता चला कि जिन अधिकारियों की हत्या की गई थी, उन्होंने 14 जनवरी को ही बदायूं के डीएम अवनीश राय से मिलकर जान का खतरा जताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई थी।डीएम ने एसडीएम दातागंज और सीओ उझानी को कार्रवाई का आदेश दिया था, लेकिन इन दोनों अफसरों की ओर से सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। डीएम स्तर से भी इस मामले का बाद में संज्ञान नहीं लिया गया। पांच फरवरी को उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता ने पुलिस से आरोपी की शिकायत की थी और गंभीर आरोप लगाए थे। इस शिकायत पर रिपोर्ट तो दर्ज की गई, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। जिला स्तरीय अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में जब सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की हत्या कर दी गई तो जिला स्तरीय अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई। यही कारण रहा कि एसआईटी ने डीएम अवनीश राय और तत्कालीन एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह समेत कई अधिकारियों की भूमिका को भी जांच के दायरे में रखा। कुछ स्थानीय नेता भी जांच के दायरे में हैं। कॉल डिटेल व व्यावसायिक गतिविधियों की जांच में इनकी भूमिका पर भी अंगुली उठ रही है। शासन की ओर से गठित एसआईटी को अपनी जांच पूरी करके दो हफ्ते में रिपोर्ट भेजनी थी। जांच को रविवार तक दो हफ्ते पूरे हो रहे हैं। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने बताया कि तथ्यों का संकलन कर जांच लगभग पूरी हो चुकी है। कुछ बिंदुओं पर रिपोर्ट मिलनी बाकी है जो जल्द ही उपलब्ध हो जाएगी। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## दातागंज विधायक समेत तीन से वापस लिए गए एक-एक गनर

बदायूं। दातागंज, शहर और बिल्सी के विधायकों से एक-एक गनर वापस ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि शासन से प्रदेशभर में सभी विधायक का तीसरा गनर का आवेदन निरस्त कर दिया गया है। इसी शासनादेश के चलते जिले में यह कार्रवाई हुई है। शासन के निर्देश हैं कि एक विधायक को दो हथियारबंद पुलिसकर्मी गनर के रूप में दिए जाएंगे। जिले के चार विधायकों के पास दो-दो गनर ही थे। तीसरा गनर दिए जाने पर अक्सर वह विधायक के साथ न रहकर उनके परिवारीजनों के साथ नजर आता था। जिले में भी तीन विधायक ऐसे थे, जिनके पास तीन-तीन गनर थे। शासन स्तर पर हुई समीक्षा में इस बात की जानकारी सामने आने पर दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह, शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और बिल्सी विधायक हरीश शाक्य से एक-एक अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी को वापस ले लिया गया है। अधिकारिक तौर पर भी यह जानकारी दी गई है कि शासन स्तर से आदेश है कि एक विधायक को दो गनर ही सुरक्षा के लिए दिए जाएंगे। इसी के चलते जिनके पास तीसरा गनर था, उसे वापस लिया गया है। सूत्र बताते है कि इन विधायकों ने शासन स्तर पर आवेदन भी किया था कि उनके पास तीसरा सुरक्षा कर्मी रहने दिया जाए। वहीं जिनके पास तीसरा गनर नहीं था, उनके स्तर से तीसरे गनर की मांग की गई थी। लेकिन शासन स्तर से विधायकों के इन आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। अब विधायकों के पास सिर्फ दो-दो गनर ही रहेंगे। उनके तीसरे गनर को पुलिस अधिकारियों ने वापस पुलिस लाइन बुला लिया है।

# सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। ब्लूमिंगडेल स्कूल में शैक्षणिक सत्र के समापन के अवसर पर वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं हेतु सम्मान समारोह का अत्यंत ही गरिमामयी आयोजन किया गया। इस सुअवसर पर विद्यालय के उन छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया जिन्होंने पूरे वर्ष लगन व मेहनत करे हुए परीक्षा में अपनी योग्यता का परिचय दिया। इतना ही नही इस विशेष अवसर पर अनुशासन शील, उपस्थिति जैसे छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया, जो अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरक रहा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूजायमान रहा। कक्षा व वर्ग स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने विद्यार्थियों के सर्वोत्कृष्ट व सराहनीय परीक्षा परिणाम हेतु शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पल विद्यार्थियों के परिश्रम, लगन, एकाग्रता व आत्मविश्वास का परिणाम है, जो उनके भावी भविष्य का परिचायक है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ छात्र- छात्राओं का सर्वांगीण विकास, विभिन्न क्षेत्रों व कार्यक्रमों में अपनी योग्यता का प्रदर्शन है। स्कूल प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों के सराहनीय परिश्रम व अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम एवं लगन से प्राप्त सफलता उन्हें (विद्यार्थियों को) आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है। इस मौके पर स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान व श्वेता मेंहदीरत्ता, उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित बदमाश, मुठभेड़ के दौरान पैर में लगी गोली

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश श्रीपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस कर्मियों को निशाना बनाने की कोशिश तो जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लग गई। लहूलुहान हालत में उसे अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वहीं पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ कोतवाली क्षेत्र में गांव छतुइया के पास हाईवे किनारे शुक्रवार रात करीब 12 बजे हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के मुताबिक– कस्बे में मोहल्ला नझियाई निवासी बदमाश श्रीपाल (28 साल) पुत्र छोटे ने पकड़े जाने से पहले पुलिस टीम को जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। इसके बाद वह निर्माणाधीन बाइपास के नजदीक से खेतों की तरफ भाग निकला। जवाबी फायरिंग में एक गोली श्रीपाल के दाहिने पैर में लग गई। वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस कर्मियों ने उसके पास से तमंचा और कारतूस कब्जे में लेने के बाद सहारा देकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उसका प्राथमिक उपचार भी कराया गया।

सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि घायल बदमाश श्रीपाल पर 12 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। दफा–25 के एक मामले में कोर्ट ने उसका गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। वह चोरी और मादक पदार्थों की तस्करी में भी शामिल रहा है। घटनाओं को अंजाम देकर वह कस्बे से भाग जाता था। पुलिस को उसकी गैर जमानती वारंट में भी तलाश थी। उपचार के लिए श्रीपाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा दरोगा रविंद्र सिंह, जगमेंद्र, सिपाही अंकुश, अत्येंद्र और भूपेंद्र भी शामिल रहे।

## लापता किसान का शव मिला, संपत्ति विवाद में हत्या किए जाने की आशंका

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में शनिवार को गेहूं के खेत में एक पेड़ के नीचे एक शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त गांव पदमपुर निवासी किसान रामशरण (42 साल) पुत्र राजपाल के रूप में की। परिजनों का आरोप है कि संपत्ति विवाद में उनके बड़े भाई और भतीजों ने हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। घटना के बाद से आरोपी परिवार समेत घर छोड़कर दिल्ली की ओर चले गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं परिजनों के अनुसार, पदमपुर निवासी 42 वर्षीय रामशरण पुत्र राजपाल सिंह पांच भाइयों में एक थे। उनका अपने बड़े भाई मुन्नालाल से काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद के चलते मुन्नालाल, उसके बेटे गोविंद और आनंद तथा पारिवारिक भाई रामखिलाड़ी अक्सर रामशरण के साथ मारपीट और गाली–गलौज करते थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले रामशरण अचानक घर से लापता हो गए। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह जब परिजन दोबारा खोजबीन में जुटे तो गांव के बाहर जंगल क्षेत्र में गेहूं के खेत में एक पेड़ के नीचे रामशरण का शव पड़ा मिला। शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने सीधे तौर पर मुन्नालाल, उसके पुत्र गोविंद व आनंद और रामखिलाड़ी पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपियों ने ही रामशरण की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। घटना के बाद सभी आरोपी घर से घरेलू सामान समेटकर चार पहिया वाहन से दिल्ली भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पीड़ित परिजनों ने नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीओ दातागंज राहुल पांडेय कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

## बिनावर थाने में तैनात दरोगा का ऑडियो वायरल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुसाझाग थाना के बाद सबसे ज्यादा चर्चित रहने वाला थाना बिनावर इन दोनों सुर्खियों में है, वही बता दे कि बिनावर थाने में तैनात एक दरोगा का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें दरोगा वादी मुलजिम जैसा व्यवहार करते हुए नजर आ रहा है, वही वायरल ऑडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता, वही दरोगा का ऑडियो प्रसारित होने क्षेत्र में चर्चाएं हैं, वही दरोगा द्वारा ऑडियो में वादी को मुलजिम जैसा व्यवहार करने पर क्या जिले की तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा कार्रवाई करेंगे।

## थाना बिनावर पुलिस पर आरोप, आरोपियों को बचा रही पुलिस

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिनावर थाना क्षेत्र में शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित ने एसएसपी से गुहार लगाई। इसके बाद भाकियू कार्यकर्ता थाने पहुंचे और पुलिस के खिलाफ रोष जताया। संगठन ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। बिनावर थाने में उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब एक पीड़ित की फरियाद अनसुनी रहने का आरोप सामने आया और मामला अचानक तूल पकड़ गया। इंसाफ की आस में भटक रहे पप्पू सागर की शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज भाकियू कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ खुलकर आक्रोश जताया। हालात ऐसे बने कि पूरे इलाके में हलचल मच गई। थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। उनका कहना है कि ''थाना पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी हुई है।'' इसी से परेशान होकर उन्होंने शनिवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले ने रविवार को नया मोड़ ले लिया जब भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के दर्जनों कार्यकर्ता पीड़ित के समर्थन में बिनावर थाने पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की। थाने के बाहर काफी देर तक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन चलता रहा, जिससे माहौल गरमा गया। दूसरी तरफ, इस मामले को लेकर भाकियू नेताओ ने साफ कहा कि अगर जल्द ही मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने पीड़ित को इंसाफ दिलाने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही।

## जनपद में शुरू हुआ एचपीवी टीकाककरण अभियान

रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की रोकथाम के उद्देश्य से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शनिवार को जिला महिला चिकित्सालय स्थित प्रसव पश्चात केंद्र में हुआ।अभियान का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने किया। पहले दिन कुल सात किशोरियों को एचपीवी टीका लगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और टीकाकरण से इसका प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। सभी किशोरियों को गार्डसिल की सिंगल डोज वैक्सीन दी जाएगी। शासन की ओर से जिले को गार्डसिल वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है।अभियान के तहत उन किशोरियों को पात्र माना जाएगा जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया हो, लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो तथा जो किशोरियाँ अभियान शुरू होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली हैं ।

## ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित बैठक

संभल। श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी की एक आवश्यक बैठक आज ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित हुई जिसमें समिति के आगामी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के विषय में गहन विचार विमर्श किया गया । बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि अपरिहार्य कारणों से गत पर्याप्त समय से समिति द्वारा गतिविधियां नहीं हो सकी, अब सर्व सम्मति से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करनी है । प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि अगले महीने से समिति की पत्रिका 'कविशा' का प्रकाशन करने की योजना है जिसमें चंदौसी और आसपास के क्षेत्रों के नामचीन और विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध हस्तियों को प्रमुखता से स्थान दिया जाएगा । डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता स्थगित हुई है, अब अगली कला प्रतियोगिता की तैयारी भली प्रकार होनी चाहिए । विपिन बालाजी ने कहा कि समिति का ध्यान स्वच्छ जल बचत के लिए केंद्रित होना बहुत जरूरी है । पूर्व प्रधानाचार्य एवं मुख्य वक्ता दृगपाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण के लिए अब सबको अधिक सचेत हो जाना चाहिए और पौधों और वृक्षों के संरक्षण–संवर्धन पर ध्यान दें । डॉ. डी. के. अग्निहोत्री ने कहा कि समिति के कार्यों में हम सबको समान और सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए तथा नए–नए सामाजिक हित के कार्य करते रहना चाहिए । इसके अतिरिक्त के. जी. गुप्ता, मुकुंद अग्रवाल, श्यामसुंदर दुबे आदि ने भी समाज में चल रहे वर्तमान घटनाक्रमों पर भी अपने विचार व्यक्त किए । अध्यक्षता कृष्णगोपाल गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ. जय शंकर दुबे ने किया ।

# जनपद में निपुण सम्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत निपुण विद्यालयों के सम्मान में गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में आज निपुण सम्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता व भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा मां शारदे के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना पीएम श्री विद्यालय रोझैया भीखम शाह जगतपुर के बच्चों ने प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय बेहटा खुर्द विकास क्षेत्र राही के बच्चों ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

अतिथियों का स्वागत बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर निपुण विद्यालय की संख्या के आधार पर जनपद की 16वी रैंक तथा निपुण विद्यालय के प्रतिशत के आधार पर राज्य में रायबरेली की 30 वी रैंक है, लखनऊ मंडल में रायबरेली का दूसरा स्थान है।जनपद के कक्षा एक एवं दो के कुल 32398 छात्रों का निपुण आकलन किया गया जिसमें 24022 छात्र अर्थात 74.15 प्रतिशत निपुण घोषित किए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रगति की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करने की प्रेरणा दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार बेसिक शिक्षा विभाग में पढ़ने वाले बच्चों के लिए सभी सुविधाओं और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए कृत संकल्प है। इस अवसर पर जिले के 625 निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर प्रदर्शन वाले विकास क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों डॉ सत्य प्रकाश यादव रोहनिया, सत्यप्रकाश दीनशाहगौरा, अरविंद कुमार सिंह जगतपुर, बृजलाल वर्मा राही, शीतल श्रीवास्तव सतावं,अश्वनी कुमार गुप्ता हरचंदपुर, वीरेंद्र नाथ द्विवेदी सरेनी, एसआरजी राजवंत, सुनील कुमार यादव, शैलेंद्र सिंह को भी सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक द्विवेदी एवं कंचन सिंह ने किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी आगंतुकों एवं शिक्षकों का आभार खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, इंदिरा देवी बछरावां, अनिल कुमार मिश्रा शिवगढ़, राजीव कुमार ओझा लालगंज, सुरेंद्र प्रताप नगर क्षेत्र, नंदलाल रजक डलमऊ, तरुण कुमार डीह, विजय प्रकाश छतोह, जय प्रताप सिंह पूर्व प्राचार्य डायट, पंकज सिंह प्रभारी प्राचार्य डायट,रत्नेश श्रीवास्तव प्रधानाचार्य पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज उपस्थित रहे।

# माता प्रसाद हत्याकांड का खुलासा, साजिश रचने व नामजद आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार सुल्तानपुर। बीते 25 मार्च को सरेशाम गोली मार कर हत्याकांड को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने एक और नामजद आरोपी सहित साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।गोलीकांड को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। बता दे कि 25 मार्च को शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के नरवापार पूरे बेनी माधव गांव निवासी माता प्रसाद पांडेय( 55 )पुत्र वशिष्ठ पांडेय कस्बे में कमला गैस एजेंसी के पास खड़े थे। तभी बाइक सवार बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।जिसमे से दो नामजद आरोपियों अनुराग मौर्य व रमेश मौर्य को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।मामले में नामजद अन्य आरोपी सुरेंद्र शर्मा पुत्र पारस नाथ शर्मा निवासी इक्षा का पुरवा अमहट कोतवाली नगर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपी सुरेंद्र शर्मा से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल पल्सर वाहन व अवैध तमंचा,कारतूस बरामद किया है। साथ ही घटना की साजिश रखने के आरोप में प्रवीण कुमार सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र सतीश सिंह निवासी इमलिया कोतवाली नगर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जमीन बैनामा लेने को लेकर हुई पंचायत मे विवाद के बाद राहुल सिंह व सुरेन्द्र शर्मा ने उमेश निषाद व केशरी उपाध्याय से घटना को अंजाम दिलवाया था। जिनकी तलाश जारी है। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# यात्री सावधानः स्टेशन व ट्रेनों में सक्रिय गिरोह, पैसेंजर्स के मोबाइल हो रहे चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर मोबाइल चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।पिछले दिनों में कई यात्रि यों के महंगे मोबाइल चोरी हो गए,जिनकी शिकाय त कुछ ने तो जीआरपी पुलिस में दर्ज कराई और कुछ अपने गंतव्य स्थान पर चले गए।वही जिन लो गो ने मोबाइल चोरी हो गए,जिनकी शिकायत दर्ज कराई थी अब तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दू र हैं।गोंडा रेलवे स्टेशन में भीड़ के बीच ट्रेन में चढ़ रहे यात्रियों या फिर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म प्रती क्षालय हाल में यात्रियों की जेब से मोबाइल फोन चोरी करने वाले बदमाश लगातार वारदातों को अं जाम दे रहे हैं।ट्रेन यात्रा के दौरान चोरी हुए मोबाइ ल फोन आमतौर पर मिल नहीं पाते।जीआरपी प्र करण तो दर्ज करती है,लेकिन फरियादियों के शह र अथवा प्रदेश के बाहर होने के कारण पुलिस की ओर से मोबाइल बरामदगी को लेकर गंभीरता कम ही दिखाई देती है। पिछले दो दिनों में आधा दर्जन से अधिक मोबाइल फोन चोरी की वारदातें सामने आई हैं,लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं,मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति भोपाल जाने के लिए गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन प कड़ने के लिए आया था,ट्रेन लेट होने के कारण व्य क्ति रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय हाल के बेंच बैठ क र भोपाल जाने वाली ट्रेन का इंतजार करते समय उसे नींद आ गई। कुछ समय बाद जागने पर उसने देखा कि उसकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल फो न चोरी हो चुका है।चोरी हुए मोबाइल की कीमत करीब तीस हजार रुपये बताई गई है। इसी तरह लखनऊ रहने वाला एक व्यक्ति देवरिया जाने के लिए मड़वाडीह एक्सप्रेस से देवरिया की यात्रा कर रहा था।गोंडा स्टेशन पहुंचने पर वह जनरल कोच से नीचे पानी लेने के उतरा तो तभी किसी ने उस की पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया।चोरी गए मोबाइल की कीमत का खुलासा नहीं हो सका है।इसी प्रकार अजय फूलचंद ठाणे (महाराष्ट्र) में रहते हैं।पिछले दिनों वह अपने गृहन गर परसपुर से मुंबई जा रहे थे।कि गोंडा रेलवे स्टे शन पर उनका चार्जिंग प्वाइंट पर लगा मोबाइल फोन चोरी हो गया।चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब बीस हजार रुपये बताया था।इसी तरह फरि यादी कमल किशोर आम्रपाली एक्सप्रेस में अमृत सर से गोंडा की यात्रा कर रहे थे,रात करीब दो बजे ट्रेन जरवल रोड स्टेशन गोंडा स्टेशन के बीच ट्रेन प हुंचने से पहले ही किसी ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया।चोरी हुए मोबाइल की कीमत करी ब 22 हजार रुपये बताई गई है।

# बोतल में पेट्रोल ना देने पर सेल्समैन को पीटना पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में पेट्रोल पंप कर्मचारियों से मारपीट के मामले में तीन नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पह चान और गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज कर दी है,मा मला नगर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी स्थित म हादेव फिलिंग स्टेशन का है।घटना के संबंध में पे ट्रोल पंप मालिक आशीष मिश्रा ने बताया कि 27 मार्च की रात करीब सवा दस बजे कुछ युवक पंप पर तेल लेने पहुंचे थे।आरोप है कि वे तीस रुपए का पेट्रोल बोतल में और 70 रुपए का बाइक में भरवाना चाहते थे। उस समय पंप पर तेल खत्म होने के कारण सेल्समैन मुकेश कुमार और मुकेश तिवारी ने पेट्रोल देने से मना कर दिया।

खाना खाते समय ढाबे पर किया हमला

आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर युवकों ने कर्मचारियों को सबक सिखाने की योजना बनाई। रात करीब बारह बजे,जब दोनों सेल्समैन डीजल डिपो के पास एक ढाबे पर खाना खाने गए, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। बताया गया कि ढाबे के अंदर खाना बनाने के सामान से भी मा रपीट की गई, जिससे दोनों कर्मचारियों को चोटें आईं।वही पेट्रोल पंप मालिक की तहरीर पर राज सोनी,हर्षित गुप्ता,राहुल नाग और चार अज्ञात आ रोपियों के खिलाफ मारपीट,गाली-गलौज समेत क ई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पु लिस ने मामले की जांच मिश्रौलिया चौकी प्रभारी अंकित सिंह को सौंपी है। सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान कि जा रही पुलिस ने वायरल सीसीटीवी फुटेज और दर्ज मुक दमे के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लि ए लगातार छापेमारी शुरू कर दी है।नगर कोतवा ल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।उन्हों ने कहा कि अज्ञात आरोपियों की पहचान भी सी सीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है और सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भारत नेपाल खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया अपना दम खम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में ठाकुर हुकुम सिंह किसान पीजी कॉलेज में भारत नेपाल खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल जी व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सतीश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह , विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह, कार्यक्रम आयोजक सुरेश प्रताप सिंह चौहान, कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा कार्यक्रम संयोजक सत्य प्रकाश सिंह सत्या, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष डिंपल जैन, जिला प्रचारक अजय कुमार , विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ,अमरनाथ,मेजर एसपी सिंह मौजूद रहे। रन फॉर राम मैराथन दौड़ महिला वर्ग में वेनिका रावत प्रथम, कल्पना अवस्थी द्वितीय एवं दिव्या मिश्रा तृतीय स्थान पर रही। रन फॉर राम मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग में बॉबी कुमार प्रथम ,किशन लाल द्वितीय ,अजीत वर्मा तृतीया ,सर्वेश चतुर्थ एवं सत्यम त्रिपाठी पंचम स्थान पर रहे। रस्सा कस्सी महिला वर्ग में केडीसी बहराइच विजेता रही एवं स्टेडियम उपविजेता रही । रस्साकस्सी पुरुष वर्ग में मिहींपुरवा विजेता एवं टाइगर टीम उपविजेता रही । तीरंदाजी प्रतियोगिता महिला वर्ग में कविता कुमारी विजेता एवं पुरुष वर्ग में विष्णु दयाल उपविजेता रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स प्रथम एवं पयागपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें पयागपुर टीम 25-8 से विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स सेकंड एवं नेपाल के बीच खेला गया इसमें स्पॉट स्पोर्ट सेकंड 21-20 से विजेता रही ।फाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स व पयागपुर के मध्य खेला गया। जिसमें पयागपुर ने 25-19 से जीत लिया । महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में 12 टीमों ने प्रतिभाग किया । जिसमें कंजेभरिया विजेता एवं टीम बहराइच उप विजेता रही। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह , वॉलीबाल सचिव प्रेम नाथ तिवारी,रजत सिंह ,देवेंद्र सिंह, निर्णायक की भूमिका में वीरेंद्र पाल सिंह, संतोष कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, प्रमोद कुमार, विनोद यादव, गोविंद चौहान, आशीष सिंह, सुभाष चन्द्र, श्याम सुंदर, दीपक शर्मा, केपी, रवि श्रीवास्तव, सत्यपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार पांडे के द्वारा किया गया।

# साक्षी सोनी के सुसाइड मामले में शिवम सोनी पर आत्महत्या के उसकाने का मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के छपिया थाना क्षेत्र में साक्षी सोनी के द्वारा 26 मार्च को की गई आत्महत्या के मामले में अब नया मोड़ आया है। पुलिस ने आरोपी शिवम सोनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।परिजनों ने शिवम सोनी पर शारीरिक संबंध बनाने और दहेज मांगने का भी गं भीर आरोप लगाया था। जांच में सामने आया है कि प्रेम में धोखा मिलने के कारण ही साक्षी ने फंा सी लगाकर अपनी जान दी थी।पुलिस के अनुसार आरोपी शिवम सोनी और साक्षी सोनी पिछले दो साल से प्रेम संबंध में थे।आठ महीने पहले साक्षी के पिता भगवान दीन सोनी को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने साक्षी की शादी शिवम सो नी से तय कर दी थी।हालांकि शादी तय होने के छ ह महीने बाद ही शिवम सोनी और उसके परिजनों ने साक्षी से शादी करने से इनकार कर दिया।इसके बाद दोनों परिवारों के बीच कई बार पंचायत भी हु ई,लेकिन शिवम शादी के लिए तैयार नहीं हुआ।शि वम के इनकार के बाद साक्षी की शादी छपिया था ना क्षेत्र के ही एक अन्य गांव में तय कर दी गई थी साक्षी इस शादी से खुश नहीं थी और कर दी गई थी।साक्षी इस शादी से खुश नहीं थी और लगातार परेशान चल रही थी।दूसरी जगह अपनी शादी तय करने और साक्षी की दूसरी जगह शादी तय होने के बावजूद शिवम सोनी लगातार इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर साक्षी को परेशान कर रहा था।सा क्षी बार-बार शिवम से मैसेज और कॉल न करने को कह रही थी, लेकिन वह नहीं माना।मरने से प हले साक्षी ने शिवम सोनी से इंस्टाग्राम पर बातची त कर उसे फोन और मैसेज न करने की बात कही थी। इन दो सालों के प्रेम संबंध के दौरान आरोपी शिवम सोनी ने साक्षी सोनी के साथ कई बार शारी रिक संबंध भी बनाए थे।26 मार्च को सुसाइड कर ने से पहले भी शिवम सोनी ने साक्षी के पास कई बार मैसेज किया था। ''पूछा क्या हुआ तो साक्षी ने कहा कि आज के बाद मैसेज मत करना फिर शिव म ने पूछा कि बाबू क्या हुआ तो साक्षी ने कहा कि मैसेज मत करना मर गई हूँ।इसके बाद साक्षी सो नी ने सुसाइड कर लिया था।साक्षी द्वारा इतना मैसे ज करने के बावजूद भी लगातार आरोपी शिवम सोनी को विश्वास नहीं हो रहा था और वह मैसेज पर मैसेज किया जा रहा था।छपिया थाने की पुलि स पर साक्षी सोनी के पिता भगवान दीन ने गंभीर आरोप लगाया है। कहां है कि शिवम ने शारीरिक संबंध बनाए जाने,दहेज मांगने की तहरीर को पुलि स ने बदलवा करके आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरी लेकर मुकदमा दर्ज किया है।आरोपी शि वम सोनी के खिलाफ अब मामला दर्ज किया है। आरोपी शिवम सोनी के खिलाफ अभी तक छपि या थाने की पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं कीथी वहीं पीड़ित परिवार के द्वारा छपिया पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है।वही छपिया थानाध्यक्ष प्र बोध कुमार ने बताया कि जो परिवार के लोगों ने तहरीर दिया था उसी आधार पर मुकदमा दर्ज कि या गया है। पहले तहरीर हमारे पास नहीं आई थी दूसरी तहरीर में जो बात कही है। उसी आधार पर हमने मुकदमा दर्ज किया है जांच में जो भी निकल कर आएगा उसके आधार पर कार्यवाही की जाए गी,आरोपी शिवम सोनी की गिरफ्तारी को लेकर थाने की कई टीमें लगी हुई है जल्द ही शिवम सो नी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# गोंडा में गैस के लिए एजेंसियों पर लग रहीं लाइनें कम नहीं हो रहीं लोगों की परेशानियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में पिछले कई दिनों से रसोई गैस की किल्लत ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं,लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।वहीं जिला पूर्ति के अनुसार एजेंसियों से संपर्क जारी है और गैस की कोई कमी नहीं है।गैस सिलिंडर लेने पहुंचे उपभो क्ताओं ने आरोप लगाया कि केवाईसी के नाम पर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। जबकि बुकिंग के बाद भी समय पर सिलिंडर की होम डिलीवरी नहीं हो रही।उपभोक्ता माधुरी देवी और सुमन ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग में भी उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ओटीपी न आने और सर्वर डाउन रहने से मोबाइल फोन के जरिये बुकिंग बाधित है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सीधे एजेंसी पहुंचने को मजबूर हैं।वहीं, कई एजेंसियों पर सुबह से ही लोगों की रोजाना की तरह लाइन लग गई।बुकिंग व ई-केवाईसी के लिए लंबी लाइनें लगी रहीं। दूस री ओर राजेंद्र सिंह और मोहन लाल ने बताया कि गैस को लेकर हो रही परेशानी के बीच बिना बुकिं ग कराए ही उपभोक्ताओं पर सिलिंडर सप्लाई के मैसेज पहुंच रहे हैं।इसकी उन्होंने मुख्यमंत्री के पो र्टल पर गैस एजेंसी के अलावा विभागीय अधिका रियों से शिकायत की है।जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि इस समस्या को दूर करने के लिए ल गातार एजेंसियों से संपर्क जारी है।जिले में गैस की कमी नहीं है।

# पुलिस प्रशासन ने ट्रैक्टर ट्राली में छिपा चौदह सौ लीटर डीजल किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में डीजल पेट्रोल के अवैध भण्डारण पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है और अवैध रूप से भण्डारण करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसने की शुरुआत कर दी है इससे कालाबाजारी करने वाले लोगों में खलबली मच गई है। एसडीएम से शिकायत के बाद अमेठी पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली में छिपाकर रखा गया चौदह सौ लीटर डीजल बरामद किया है।पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया है। भेंटुआ के आपूर्ति निरीक्षक शुभम ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि तहसील अमेठी के एसडीएम द्वारा दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत हथकिला में लगभग एक हजार तीन सौ लीटर डीजल अवैध रूप से पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान पकड़ा गया है जिसके क्रम में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक शुभम व उप निरीक्षक शस्त्राजीत प्रसाद मय हमराह के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उक्त स्थल ग्राम पंचायत भरेथा के पूरे गनेश का पुरवा विकास खण्ड भेटुआ में है जिसमे दयाराम यादव पुत्र जगन्नाथ निवासी पूरे गनेश का पुरवा मजरा भरेथा विकास खण्ड भेटुआ के घर के पीछे एक ट्राली पर चार छोटे-छोटे डिब्बों व एक पानी वाली टंकी तथा चार बड़े नीले ड्रमों में कुल एक हजार चार सौ लीटर डीजल संग्रहित पाया गया मौके पर उपस्थित दयाराम ने पूंछताछ में बताया कि मेरे पास पांच ट्रैक्टर, दो कम्बाइन होने के कारण मैने यह डीजल खरीद कर संग्रहण किया गया है।इतनी अधिक मात्रा में खरीद भण्डारण अथवा बिना लाइसेंस के बिक्री अवैधानिक है। पूर्ति निरीक्षक एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर उपलब्ध चार छोटे छोटे डिब्बों, चार बड़े प्लास्टिक के ड्रमों में तथा एक प्लास्टिक की पानी की टंकी में कुल एक हजार चार सौ लीटर डीजल को अधिग्रहित करते हुये निकटवर्ती पेट्रोल पम्प मारूति फिलिंग स्टेशन तिवारीपुर के प्रोप्राइटर आलोक मिश्रा की सुपुर्दगी में इस निर्देश के साथ दिया गया कि वह इसे अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखेगे तथा न्यायालय सक्षम अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर यथावत प्रस्तुत करेंगे।

## वित्तीय वर्ष के अन्तिम दिन 31 मार्च को खुला रहेगा कोषागारः डीएम

बहराइच । वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति की ओर है, जिसके कारण अन्तिम दिनों में अत्यधिक शासकीय लेन देन होना स्वाभाविक है, उक्त के दृष्टिगत शासन के निर्देश के कम में 31 मार्च 2026 महावीर जयन्ती (सार्वजनिक अवकाश) को कोषागार एवं सरकारी लेन देन का कार्य करने वाली बैंक शाखाओं को खोले जाने के आदेश जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्गत किये गये हैं।

डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त से अवगत होते हुए कोषागार पर बिल प्रस्तुति एवं बैंको पर शासकीय जमा सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत भी किया है कि यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी का होगा।

## आर.सी. जारी कर बकायेदारों से की जायेगी ऋण वसूलीः डीएमओ

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख़ का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख़ हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की गई है।

श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों निर्देशित किया है कि 05 अप्रैल 2026 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में ऋणधारक की सम्पत्ति अथवा गारन्टरों से बकाया ऋण वसूल करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## जल निगम की टंकी के सोलर पैनल से चोरी कर रहे युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने जल निगम की टंकी के सोलर पैनल से कॉपर वायर चोरी करते हुये पकड़े गये व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के ग्राम सोंगरा में स्थित जल निगम की पानी की टंकी के संचालक दिवाकर मिश्रा निवासी पूरे शुक्लन मजरे सोंगरा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा पानी की टंकी के लिये लगे सोलर पैनल से कॉपर वायर चोरी करते हुए पकड़े गये व्यक्ति दीपचन्द पुत्र झुरही निवासी टोपरी भनियापुर थाना गौरीगंज को एक प्रार्थना पत्र के साथ थाना गौरीगंज पर सुपुर्द किया गया। दीपचन्द उपरोक्त के कब्जे से एक बोरी में चोरी का पांच किलोग्राम कॉपर वायर बरामद हुआ । प्रार्थना पत्र एवं बरामदगी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर एवं युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छेड़खानी के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, कई पुलिसकर्मी घायल

सुलतानपुर। धम्मौर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर आरोपी व उसके परिजनों ने हमला कर दिया। मारपीट में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी गई और मोबाइल भी छीन लिया गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि 28 मार्च को धम्मौर थाना क्षेत्र की एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अंकित यादव नामक युवक उसके साथ लगातार छेड़खानी कर रहा है और उसे भगा ले जाने का प्रयास कर रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची थी। पुलिस टीम जैसे ही आरोपी को हिरासत में लेने लगी, आरोपी, उसके परिजनों और घर की महिलाओं ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी और देखते ही देखते हाथापाई व मारपीट करने लगे। इस दौरान सिपाही संजय यादव की वर्दी फाड़ दी गई और उनका मोबाइल छीन लिया गया, जिसे बाद में वापस कर दिया गया। सिपाही अंकुश चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। धम्मौर थाना प्रभारी रजत पांडेय ने बताया कि उप निरीक्षक राजकुमार यादव की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आठ नामजद और चार-पांच अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। सीओ सिटी ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था सामान्य है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# एसपी ने में चलाई तबादला एक्सप्रेस, कई थाना प्रभारी हुए इधर से उधर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । एसपी विनीत जायसवाल ने रविवार को सा त निरीक्षकों और एक उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बड़ा फ़ेरबदल किया है।इस फ़ेरबदल में खरगूपुर और धानेपुर के थाना अध्यक्षों को हटाया गया है। तरबगंज थाना अध्यक्ष कमलकांत त्रिपाठी को प्र भारी निरीक्षक इटियाथोक बनाया गया है।अपराध शाखा में तैनात श्रीधर पाठक को प्रभारी निरीक्षक थाना तरबगंज की जिम्मेदारी दी गई है।पुलिस ला इन में तैनात चंदन कुमार को प्रभारी नि रीक्षक था ना उमरीबेगमगंज का कार्यभार सौंपा गया है,उमरी बेगमगंज थाने में तैनात गोविंद कुमार अब प्रभारी निरीक्षक थाना खरगूपुर होंगे।मोतीगंज थाने के प्र भारी निरीक्षक अरविंद यादव को प्रभारी निरीक्षक थाना धानेपुर बनाया गया है।खोडारे थाने में तैनात यशवंत कुमार सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक थाना मोतीगंज भेजा गया है।इटियाथोक थानाध्यक्ष के पद पर तैनात उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल राय को थाना अध्यक्ष खोडारे बनाया गया है।यह फ़ेरबदल खरगूपुर थानाध्यक्ष शेषमणि पांडे को निलंबित कि ए जाने के बाद हुआ है।उन पर एक नाबालिग बा लिका के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप था।धानेपुर थानाध्यक्ष निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को भी धानेपुर थाने से हटाकर गोंडा पुलिस लाइन भेजा गया है।शेषमणि पांडे पर आरोप था कि एक युवक द्वारा भगाई गई बालिका के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो जमानत पर छूटने के बाद सो शल मीडिया पर वायरल किए जा रहे थे। आईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक ने 16 मार्च को इस पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे,लेकिन खरगूपुर था नाध्यक्ष ने कोई कार्रवाई नहीं की।इसी लापरवाही के कारण 19 मार्च को आईजी ने उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शेषमणि पांडे को निलंबित कर उन के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एस पी ने नए थानाध्यक्षों और प्रभारी निरीक्षकों को ज नता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उन का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने चेता वनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही मिल ने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वर्णकार समाज नानपारा के अध्यक्ष बने आनंद रस्तोगी एवं महामंत्री प्रेमचंद सोनी

**आगामी ११ अप्रैल को लखनऊ में सोनार समागम को सफल बनाने के लिए भारी हुंकार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । स्वर्णकार समाज नानपारा की एक बैठक आहूत की गई जिसमें सराफा व्यापार मंडल बहराइच के जिलाध्यक्ष श्री सुमित खन्ना जी ,एवं स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष श्री सत्येंद्र रस्तोगी सत्या जी ,स्वर्णकार समाज बहराइच के जिला महामंत्री श्री राजेश रस्तोगी जी,सर्राफा व्यापार मंडल बहराइच के जिला महामंत्री श्री रजनीश रस्तोगी सत्या एवं नानपारा सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ सोनी एवं सर्राफा स्वर्णकार संघ के महामंत्री श्री सुधीर रस्तोगी के नेतृत्व में सर्वसम्मति से स्वर्णकार समाज नानपारा का अध्यक्ष आनंद रस्तोगी को चुना गया एवं महामंत्री श्री प्रेम चंद्र रस्तोगी बबलू को चुना गया द्य सभी ने मिलकर बधाई दी एवं स्वर्णकार समाज को एकजुट करने पर बल दिया एवं आगामी प्रदेश स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित लखनऊ महा समागम कार्यक्रम हेतु चलने एवं सफल बनाने लिए हुंकार भरा इस अवसर पर श्री राम कुमार रस्तोगी,संगम लाल रस्तोगी , अशोक सोनी ,राज कुमार रस्तोगी, किरन रस्तोगी पिंटू ,राकेश रस्तोगी ,राजेंद्र सोनी,भोला सोनी ,संजय सोनी,मनोज सोनी,दीनदयाल सोनी, शनि सोनी राजेश रस्तोगी,आदेश सोनी,प्रदीप सोनी,राजेश सोनी आदि लोग उपस्थिति रहे।

# श्रम विभाग का विशेष अभियान, अब हर श्रमिक को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

## जानिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, पात्रता और जरूरी दस्तावेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद में असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में श्रम विभाग की टीम गांव-गांव एवं ब्लॉक स्तर पर पहुंचकर श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रही है। अभियान के तहत ग्राम प्रधानों, सचिवों एवं रोजगार सेवकों के साथ सीधे संवाद कर मनरेगा से जुड़े मजदूरों सहित अन्य असंगठित श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता योजनाओं का लाभ मिल सके। श्रम विभाग के अधिकारी मधुबन राम ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकासखंडों में प्रतिदिन विशेष कैंप लगाकर श्रमिकों का ऑन-स्पॉट पंजीकरण किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि सभी पात्र श्रमिकों को श्रम विभाग से जोड़कर उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। पीपी कमैचा विकासखंड में आयोजित बैठक में लेबर कमिश्नर मधुबन राम एवं ग्राम्य विकास परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह के सहयोग से ग्राम सचिवों, रोजगार सेवकों एवं मनरेगा एपीओ को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र के सभी जॉब कार्ड धारकों का श्रम विभाग में पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला रायफल क्लब पीलीभीत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने .22 बोर रायफल से निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिता में मा. व राजपत्रित अधिकारीगण, खुली स्पर्धा, सीनियर सिटीजन, स्टेट और नेशनल खिलाडी वर्ग, महिलायें/बालक बालिकायें द्वारा प्रतिभाग किया। शूटिंग प्रतियोगिता में सभी ने निशाना लगाया। जिससे कि नई पीढ़ी के युवा वर्ग के लोग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। डीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि राइफल क्लब को और मजबूत किया जाए और जो भी खेलकूद की जितनी भी प्रतियोगिताएं हैं खासतौर से अपने जो इस जिले का स्टेडियम है उसको मजबूत करना फिर वहां पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करना सरकार की भी यही मंशा है कि गांव-गांव जो भी चीज है वह ग्रामीण स्तर तक पहुंचे, गांव का आदमी भी समझे कि यह शूटिंग प्रतियोगिता क्या है इस शूटिंग प्रतियोगिता का यही संदेश है और खास तौर से महिलाओं के लिए मिशन शक्ति में जो गांव की महिलाएं हैं या गांव की जो लड़कियां पढ़ रही है ग्रेजुएशन कर रही है वह भी इस पर पार्टिसिपेट करें आकर के देखें और बहुत ही अच्छा भविष्य है। उन्होंने कहा कि गांवों में भी शूटिंग प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि यह मैसेज गांव तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत हो रही है आने वाले समय में यह निरंतर परंपरा बनी रहे और राइफल क्लब को हम पूरी कोशिश करेंगे कि वह मजबूत बने और उसमें और लोगों को भी सदस्य बनाया जाए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शूटिंग प्रतियोगिता इतने अच्छे तरीके से आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति फ़ेस 5 का जो द्वितीय फ़ेस चल रहा है उसमें हम चाहते हैं की बच्चियां और महिलाएं आगे आए और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें।कार्यक्रम का सफल संचालन मंसूर अहमद शम्सी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार,अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, नगर मजिस्टेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व मैच रेफरी अय्याज अली खॉ, राइफल क्लब के सदस्य मोहम्मद जहांगीर, अजय सिंह भदौरिया, सैफुल इस्लाम, मोहम्मद मियां फिरोज, दीपेंद्र सिंह चौहान, पीयूष शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, महेंद्र सरीन, अब्दुल जाहिद एडवोकेट एवं चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के एएनओ तनु अग्निहोत्री सहित एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# गोमती मित्रों के पूरे हुए अरमान किया विधायक का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। तेरह वर्षों का लंबा समय, हर दरवाजे पर दस्तक, पत्रों की एक लंबी श्रृंखला लेकिन जीवटता के धनी गोमती मित्रों ने हार नहीं मानी और अपना प्रयास निरंतर जारी रखा, लेकिन कहते हैं नियति सब कुछ तय रखती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सुल्तानपुर से विनोद सिंह विधायक निर्वाचित हुए तो एक बार फिर गोमती मित्रों की उम्मीद की सुई उनकी तरफ घूम गई और उनसे सीता कुंड धाम के विकास के लिए निवेदन किया गया, उन्होंने गोमती मित्रों के निवेदन और प्रयास की गंभीरता को समझते हुए शासन को सीताकुंड धाम के विकास और गोमती कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव भेजते हुये मुख्यमंत्री से लगातार मिलकर प्रयास करके एक अच्छी खासी राशि लगभग 5 करोड रुपए स्वीकृत कराया। रविवार को सभी गोमती मित्र संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन के नेतृत्व में विधायक के आवास पहुंचकर उनका पुष्पगुच्छ देकर व माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, अजय प्रताप सिंह, सेनजीत कसौधन, मुन्ना सोनी, राकेश सिंह दद्दू, दिनकर सिंह, आलोक तिवारी, सौरभ गुप्ता, रामू कसौधन, राजीव कसौधन, आयुष सोनी आदि मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ 4 अप्रैल को दिल्ली में हुंकार भरेंगे शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। टीचर फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देशन में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चल रहे देशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन ने अब निर्णायक मोड़ ले लिया है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विशाल एवं ऐतिहासिक धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए स्थानीय तिकोनिया पार्क में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने की। प्रदेश नेतृत्व द्वारा इस समीक्षा बैठक के लिए अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा को प्रभारी नियुक्त किया गया था। जिला प्रवक्ता निजाम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों, मंत्रियों, ब्लॉक एवं जनपदीय कार्यसमिति के पदाधिकारियों तथा तहसील प्रभारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। समीक्षा प्रभारी बृजेश मिश्रा ने ब्लॉकवार दिल्ली धरना-प्रदर्शन में शामिल होने वाले शिक्षकों की सूची, वाहनों की व्यवस्था, रूट चार्ट सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों में जोश और उत्साह भरते हुए आंदोलन की सफलता के लिए ठोस रणनीति साझा की।

बैठक में विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंत्रियों ने भी अपने विचार रखे और एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष एवं अयोध्या मांडलिक मंत्री दिलीप पाण्डेय ने भावुक शब्दों में कहा कि टीईटी अनिवार्यता का मुद्दा माननीय उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के बाद देशभर के लगभग दस लाख कार्यरत शिक्षक परिवारों के सामने सेवा सुरक्षा और भविष्य को लेकर गहरी अनिश्चितता पैदा कर चुका है। उन्होंने इसे केवल एक नियम नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन और सम्मान से जुड़ा प्रश्न बताया।

## जाम से त्रस्त जनता, फिर भी बेपरवाह जिम्मेदार खबरों के बाद भी नहीं टूटी चुप्पी नहीं जागा प्रशासन

पूरनपुर।नगर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या आम जनता के लिए रोज़ का सिरदर्द बन चुकी है बाजारों, मुख्य चौराहों और संकरी गलियों में घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहा है स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और मरीज तक इस अव्यवस्था का खामियाजा भुगतने को मजबूर हैं स्थानीय समाचार पत्रों में इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बावजूद जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग अब तक कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है मानो जिम्मेदारों ने इस मुद्दे पर 'कान में रुई' डाल रखी हो जाम के प्रमुख कारणों में अवैध अतिक्रमण, सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन, ई-रिक्शा और ठेलों की अनियंत्रित आवाजाही, तथा यातायात व्यवस्था का अभाव शामिल है कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति स्थिति को और बिगाड़ रही है ट्रैफिक पुलिस तो मानो सिर्फ धन उगाही के लिये कार्य करती नजर आ रही है नगरवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने और मीडिया के माध्यम से आवाज उठाने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं लोगों का आरोप है कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक जिम्मेदार विभाग जागने को तैयार नहीं हैं सिरसा चौराहा तो पूरा अतिक्रमणकारियो ने कब्जा कर लिया मानो चौराहा उनकी बाप की बपौती हो अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक जनता इस समस्या से जूझती रहेगी क्या प्रशासन और जनप्रतिनिधि केवल कागजी योजनाओं तक ही सीमित रहेंगे, या फिर जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई भी देखने को मिलेगी यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकराल हो सकती है जरूरत है सख्त ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की सक्रियता की, ताकि आम जनता को इस परेशानी से राहत मिल सके स्थानीय समाचार पत्रों मे नगर की इस विकराल समस्या को कई बार उठाया गया, लेकिन इसके बावजूद जनप्रतिनिधि, प्रशासन और पुलिस अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सके हैं।

# पैंसठ विद्यालयों में पुरस्कार वितरण समारोह के लिये धनराशि जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद के पैंसठ परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट में स्वीकृत दो सौ बत्तीस से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन आगामी तीस मार्च को होगा जिसके लिये शासन द्वारा जनपद अमेठी को चार लाख बाइस हजार पांच सौ रुपया भेजा गया है जिसमें प्रत्येक विद्यालय को साढ़े छह हजार रुपये की धनराशि आवंटित की गई। इस कार्यक्रम में गांव के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों अभिवावकों और सम्भ्रांत नागरिकों को भी आमंत्रित किया जायेगा। बताते चलें कि वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में दो सौ बत्तीस से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों (पीएम श्री विद्यालयों को छोड़कर) में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया जाना है।पुरस्कार वितरण समारोह में ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रभावशाली व्यक्तियों, विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों तथा समस्त अभिभावकों को आयोजन से दो दिन पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु अध्यापकों द्वारा व्यक्तिगत तथा बच्चों द्वारा निर्मित निमंत्रण कार्ड के माध्यम से आमंत्रित किये जाने का निर्देश दिया गया है।प्रत्येक कक्षा से विगत परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और सर्वाधिक उपस्थिति वाले एक एक छात्र छात्रा को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रत्येक कक्षा से विभिन्न गतिविधियों यथा खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभिन्न प्रतियोगताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक एक छात्र छात्रा को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा से ऐसे बच्चों के एक अभिभावक को सम्मानित किया जायेगा जिनके बच्चे ने विगत परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हों।प्रत्येक विद्यालय से ऐसे बच्चों के एक अभिभावक को सम्मानित किया जायेगा जिनके बच्चें विद्यालय में सर्वाधिक दिन उपस्थित रहें हों।विद्यालय प्रबंध समिति के उन सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया जायेगा जिनके द्वारा प्रति माह एसएमसी की बैठकों में प्रतिभाग किया गया हो तथा स्कूल के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया गया हो।समारोह में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु यथा सम्भव टॉफी, चाकलेट, एवं स्टेशनरी सामग्री इत्यादि का वितरण किया जायगा।पुरस्कार वितरण हेतु लंच बॉक्स, पानी की बॉटल, ट्रॉफी,ड्राइंग नोटबुक, कैनवॉस और वाटर कलर,स्टेशनरी-ज्योमैट्रिक बॉक्स, पेंसिल बॉक्स (पेन, पेंसिल, रबड़, कटर एवं स्केल सहित) पेन,कहानी की किताब एवं महान विभूतियों के जीवन चरित्र पर आधारित पुस्तक के साथ ही अभिभावकों हेतु शॉल, मोमेंटो, हरित पौधा क्रय किया जा सकता है।विद्यालय स्तर पर पुरस्कार वितरण के आयोजन हेतु लाउड स्पीकर, बैठने हेतु कुर्सियों आदि की व्यवस्था हेतु डेढ़ हजार रुपया, समस्त अभिभावकों के जलपान हेतु ढाई हजार रुपया एवं पुरस्कार सामग्री क्रय किये जाने हेतु ढाई हजार रुपया रूपये आवंटित किया जा रहा है। जनपद के पैंसठ विद्यालयों में पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन हेतु चार लाख बाइस हजार पांच सौ रुपया भेजा गया है जिसमें सिंहपुर विकास क्षेत्र के दस और तिलोई के सात विद्यालयों को चिन्हित किया गया है।

## ज्ञानदीप अभियान के 22वें सप्ताह में बच्चों को दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

सुलतानपुर। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित ज्ञानदीप अभियान के अंतर्गत 22वें सप्ताह का शैक्षिक सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों को गणित (मापन), विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों का अध्ययन कराया गया।कार्यक्रम के दौरान केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसके तहत विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर नितिन मिश्रा, मधुरम पाठक, विनायक मिश्रा, सचिन सिंह एवं सिद्धार्थ सिंह उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को क्रिकेट खिलाया गया, जिससे उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ टीम भावना को भी प्रोत्साहन मिला। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# सरस्वती विद्या मन्दिर में परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मन्दिर में पढ़ने वाले छात्र अपनी बात की शुरुआत भारत माता से करते हैं। उक्त बातें सुलतानपुर नगर के विधायक विनोद कुमार सिंह ने सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर के परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में कही। छात्रों एवं अभिभावकों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्या मन्दिर के छात्रों की सोच बड़े-बड़े शहरों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सोच से कहीं अधिक बेहतर है। शहर के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र भारत माता की बात नहीं करते हैं, जबकि विद्या मन्दिर के छात्र भारत माता से ही अपनी बात की शुरुआत करते हैं। भारतीय संस्कृति को सहेजने में सरस्वती विद्या मन्दिर का महत्वपूर्ण योगदान है। यहां के छात्रों का अनुशासन और संस्कार अनुकरणीय है। जो इस विद्यालय की सशक्त नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का परिचय कराते हुए प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने वार्षिक परीक्षाफल का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारे भैया बहनों ने वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वार्षिक परीक्षा में कुल 2499 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें से 98.8ङ्क परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। 293 छात्रों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त किए। बहन आराध्या मिश्रा तथा स्वीकृति गुप्ता 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय की टापर बनीं।कक्षा 9 के भैया दिव्यांशु पाण्डेय ने 99ङ्क और कक्षा 11 के आशुतोष सिंह ने भी 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्दी ,गर्मी, वर्षा और तूफान की चिंता न करके विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले भैया अंशुल तिवारी, ध्रुव मिश्र, आयुष्मान शुक्ल, आरव मौर्य, प्रतीक वर्मा, यशांक, बहन प्रेरणा यदुवंशी, यज्ञांशी पाण्डेय, श्रीश, आर्या यादव,किंशुकी त्रिपाठी, अमृता और पीहू मिश्रा को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

## लाखामंडल क्षेत्र की महिलाओं को लेकर भाजपा नेत्री गंभीर मिली स्वास्थ्य मंत्री से अस्पताल खोलने की मांग

देहरादून। जनपद की विधानसभा चकराता की ग्राम पंचायत लाखामंडल क्षेत्र में लगभग 200 गांव आते हैं। महिलाओं के साथ संबंधी रोगों के निदान के लिए कोई भी हॉस्पिटल नहीं है। जिससे महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र वासियों की यह समस्या काफी दिनों से चली आ रही हैं। ग्रामीणों की भी यह जनहित की मांग कई दिनों से उठाई जा रही है। जनहित में महिला अस्पताल होना अति आवश्यक है। क्षेत्र में महिला अस्पताल होना आती है आवश्यक है। अस्पताल क्षेत्र में अस्पताल न होने से ग्रामीणों को 150 किलोमीटर दूर देहरादून जाना पड़ता है। दूरी होने के कारण कई ग्रामीणों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस समस्या को भाजपा नेत्री बचाना शर्मा के समझ रखा तो उन्होंने ब्राह्मणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर उनका पत्र देकर रखा मंडल में महिला अस्पताल खोलने की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल डीजी हैल्थ को निर्देश देकर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

## मन की बात के 132वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण, प्रधानमंत्री के संदेश पर हुआ मंथन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लक्ष्य डिग्री कॉलेज पूरनपुर में मन की बात के 132वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री के संदेशों पर विचार-विमर्श किया कार्यक्रम के माध्यम से नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां जटिल हैं और ऊर्जा क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में भारत का संतुलित, स्पष्ट और विश्वासपूर्ण दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि देश हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम और सजग है प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नागरिकों से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे जागरूक रहें, अफवाहों से दूर रहें और एकजुट होकर संयम के साथ राष्ट्रहित में आचरण करें। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

## भाजपा की छवि पर सवालिया निशानः पूर्व जिलाध्यक्ष पर जमीन हड़पने के आरोप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के मझोला क्षेत्र से सामने आए एक मामले ने भाजपा की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं यहां एक वृद्ध महिला ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह पर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता नन्द रानी देवी के अनुसार, वर्ष 2017 में उनकी भूमि का सौदा किया गया था, जिसके बदले उन्हें 5 लाख रुपये का चेक दिया गया, लेकिन आरोप है कि वह चेक न तो भुनाया गया और न ही पैसा मिला महिला का कहना है कि बाद में चेक वापस लेकर गायब कर दिया गया महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को दबाने के लिए उन पर और उनके परिवार पर दबाव बनाया गया, मारपीट और धमकी दी गई तथा जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई। हाल ही में उनके प्लॉट पर जबरन मिट्टी डालकर कब्जा करने का प्रयास भी किया गया, जिसे पुलिस की मदद से रोका गया पीड़िता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रशासनिक जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ पाएगी। मामला सामने आने पर विपक्षी पार्टी लगातार भाजपा पर निशाना साध रही है।

## टनकपुर कासगंज रूट नई ट्रेनों का विस्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।रेलवे द्वारा लगातार नई ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद पूरनपुर स्टेशन पर ट्रेन नजरअंदाज किया जा रहा है्इससे क्षेत्र की जनता और व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है व्यापार मंडल सहित कई स्थानीय संगठनों ने समय-समय पर पूरनपुर स्टेशन पर ट्रेनों के सख्या की मांग उठाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया हाल ही में नई ट्रेन सेवाओं के विस्तार के बावजूद पूरनपुर को शामिल न किए जाने से यह मुद्दा और गरमा गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरनपुर एक प्रमुख व्यापारिक और जनसंख्या वाला क्षेत्र है ।

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया पर अंकुश

अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक जूरी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के घातक प्रभावों से त्रस्त एक युवती के पक्ष में सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले से दुनिया भर के अभिवावकों को राहत मिली है। दरअसल, सोशल मीडिया की लत लगाने से जुड़े एक मामले में मेटा और यूट्यूब पर 56 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक युवती ने मेटा और यूट्यूब पर आरोप लगाया था कि इनकी वजह से उसे सोशल मीडिया की घातक लत लगी। हालांकि, अब तक ये कंपनियां दलील देती रही हैं कि वे मात्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं और इसकी सामग्री के लिये जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन कोर्ट में वकीलों ने पीड़िता के पक्ष में दलील दी कि जानबूझकर इस तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं ताकि उपयोगकर्ता कथित सोशल मीडिया की लत के शिकार बन जाएं। शुरुआत से पहचान गुप्त रखने वाली बीस वर्षीय युवती केली के वकीलों की दलील को जूरी ने स्वीकार किया कि इस लत से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान हुआ है। जूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की दलीलों को दरकिनार करते हुए मेटा और यूट्यूब पर साठ लाख अमेरिकी डॉलर यानी छप्पन करोड़ रुपये चुकाने का आदेश दिया है। जूरी ने माना कि गूगल तथा मेटा ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संचालन में अपने मुनाफ़े के मद्देनजर अनुचित उपायों का सहारा लिया है। जूरी ने इसे अनैतिक भी बताया। जूरी के निर्णय के अनुसार इस मामले में जुर्माने की सत्तर फीसदी राशि मेटा तथा तीस फीसदी रकम गूगल को चुकानी होगी। उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया में इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विरुद्ध हजारों मुकदमें चल रहे हैं। जिसमें कई वे लोग भी शामिल हैं जिनके बच्चों ने सोशल मीडिया की लत का शिकार होकर आत्मघाती कदम उठाये हैं। ब्रिटेन समेत कई देशों में अभिभावक इस लत से बच्चों को बचाने के लिये आंदोलन करते रहे हैं। यही नहीं, अमेरिका में ही विभिन्न अदालतों में सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये सैकड़ों मामले चल रहे हैं। विश्वास किया जा रहा है कि इस मुकदमे के फैसले का प्रभाव उन तमाम मामलों में भी पड़ सकता है, जो दुनिया के विभिन्न देशों में चल रहे हैं। हालांकि, दोषी पाये गए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कर्ताधर्ता इस फैसले से असहमति जताते हुए इसके खिलाफ अपील करने की बात कर रहे हैं। उनकी दलील है कि किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव के अनेक अन्य कारण हो सकते हैं, जिसके लिये सिर्फ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यूट्यूब के अधिकारियों का कहना है कि ये सोशल मीडिया साइट नहीं, सिर्फ वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है। जबकि पीड़ित युवती के वकीलों की दलील थी कि मेटा आदि कंपनियों ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की संरचना ऐसी बनायी है कि किशोरों को इसकी आदत लग जाए। हकीकत ये है कि भारत समेत दुनिया के करोड़ों किशोर इसकी लत के शिकार बन रहे हैं। यही वजह है हफ्तों चले मुकदमे के दौरान बड़ी संख्या में किशोरों के अभिभावक वादी के पक्ष में अदालत के परिसर में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस फैसले से पहले न्यू मेक्सिको में एक जूरी ने मेटा को इस बात के लिये जवाबदेह ठहराया कि उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्कों की सामग्री तक बच्चों की पहुंच बनी है, जिससे उनके जीवन में यौन अपराधियों का खतरा बढ़ गया है।, भारत समेत कई विकसित व विकासशील देशों में सोशल मीडिया से बच्चों के जीवन में पड़ने वाले घातक प्रभावों को लेकर चिंता सालों से बनी हुई है। लेकिन देश में इस बाबत कोई नियामक कानून न होने से कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आती। बच्चों की पढ़ाई खराब होने और उनके मानसिक रोगों से ग्रस्त होने की आशंका से अब अभिभावक आक्रोश व्यक्त करने लगे हैं। यही वजह है कि दुनिया के विकसित देशों में इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बच्चों को दूर रखने के लिए कानून बन रहे हैं। आस्ट्रेलिया के बाद फ्रांस और अब अन्य यूरोपीय देश भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं ताकि एक निर्धारित आयु से ऊपर के बच्चे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच बना सकें।

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफ़े का जाल

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं। आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफ़े का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और नियामक संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है। अन्यथा सेवा के ये क्षेत्र केवल व्यवसाय बनकर रह जाएंगे और गरीब आदमी इलाज और बीमा दोनों के बीच पिसता रहेगा। – **ललित गर्ग**

**विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके।**

# भाजपा, संकल्प और राष्ट्रवाद

**मृत्युंजय दीक्षित**

वर्ष 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद से लेकर अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में भाजपा अपने सभी संकल्पों को गंभीरता के साथ पूर्णता की ओर ले जाने के लिए अग्रसर है। भाजपा ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक किए गए कई संकल्प पूर्ण किए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि स्थल पर दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण कराना। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया जाना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय से चल रहा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक भी कानून बन चुका है। भाजपा के सभी संकल्पों में राष्ट्रवाद की झलक है। सामान नागरिक संहिता भी भारतीय जनता पार्टी का एक संकल्प है, जो चरणबद्ध रूप से सिद्धि की दिशा में बढ़ रहा है। पहले समान नागरिक संहिता कानून भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में सफलतापूर्वक लागू हुआ अब उसकी सफलता का गहन अध्ययन करने के बाद गुजरात भी ऐसा दूसरा राज्य बन गया है जहां सामान नागरिक संहिता लागू की गई है। विगत विधानसभा चुनाव से पूर्व गुजरात भाजपा के संकल्प पत्र में सामान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया गया था और इसके लिए एक समिति भी बना दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले के संबोधन से भारतीय जनमानस के लिए समान नागरिक संहिता की बात कर चुके हैं। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर मुस्लिम महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त करने हैं तो अब समय आ गया है कि देश की संसद समान नागरिक संहिता पर विचार करे और कानून बनाए। गुजरात विधानसभा में सात घंटे की लंबी चर्चा के बाद यह विधेयक पारित हुआ। इस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्यों ने इस विधेयक को मुस्लिम विरोधी करार देते हुए कहा कि भाजपा यह विधेयक जानबूझ कर चुनाव से पहले जल्दबाजी में लेकर आई है। इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद गुजरात में विभिन्न जातियों, धर्मों और सम्प्रदायों के लिए लोगों के लिए विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी और लिव -इन रिलेशनशिप को लेकर समान नागरिक संहिता कानून लागू हो जाएगा।विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक प्रस्तुत करते समय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न वर्गों और धर्मों के बीच कानूनी भेदभाव को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजातियों के पुरुषों और महिलाओं पर यह कानून लागू नहीं होगा लेकिन मुस्लिम समुदाय के लिए पर्सनल लॉ को समाप्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की समान नागरिक संहिता कानून की आवश्यकता पर दिए गए बयान का उल्लेख करते हुए सदन में कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी विभिन्न धर्मों और समाजों के लोगों के नागरिक अधिकारों के साथ भेदभाव हो रहा है। इस कानून का उद्देश्य विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति, भरण पोषण और लिव इन रिलेशनशिप के कानूनों में एकरूपता लाना है। इस विधेयक में विवाह, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इस विधेयक में पहचान छिपाकर धोखे से विवाह करने पर सात वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है ताकि किसी बेटी को धोखा देकर उसका जीवन खराब न किया जा सके। समान नागरिक संहिता कानून के पक्ष में कहा जा रहा हे कि इससे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को मजबूती प्राप्त होगी। यह मुस्लिम महिलाओं को कानूनी सुरक्षा देगा। कानून लागू हो जाने के बाद इसके लागू होने के दिन से लिव -इन में रहने वाली महिलाओं को भी पहचान मिल सकेगी। सरकार यह स्पष्ट रूप से कह रही है कि यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं अपितु नागरिक अधिकारों को समान बनाने के लिए है। एक प्रश्न यह उठाया जा रहा है कि जब यह समान नागरिक संहिता कानून है तो फिर इसमें आदिवासी समाज को क्यों अलग किया गया है? समान नागरिक संहिता का कांग्रेस विरोध कर रही है। रही बात कांग्रेस और विपक्ष के विरोध की तो वह तो पूरी तरह से मुस्लिम लीगी माओवादी हो चुका है। विपक्ष का कोई भी वक्तव्य सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए ही होता है।

## सेहत मंत्र

# ब्लैक हेड्स और मुंहासों को जड़ से खत्म करता है संतरे का छिलका

संतरे अमेरिका में सबसे लोकप्रिय फलों में से एक हैं। यह भारत में भी बहुत पसंद किया जाता है। लेकिन संतरे का छिलका पूरी तरह से एक अलग सौदा है। क्या आप जानते हैं कि छिलका पूरे फल का सबसे स्वास्थ्यवर्धक हिस्सा है? ये हैरानी की बात हो सकती है। मगर ये बिल?कुल सच है। यदि आप सोच रहे हैं कि संतरे के छिलकों का क्या किया जाए, तो आपके लिए और भी बहुत कुछ है, जिसके बारे में हम आपको इस लेख में बता रहे हैं। कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि संतरे का छिलका वास्तव में पूरे फल का स्वास्थ्यप्रद हिस्सा है। यह आश्चर्यजनक लग सकता है जबकि, अनुसंधान में हमें पता चलता है कि संतरे के छिलके फ्लेवोनोइड और कई अन्य महत्वपूर्ण फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होते हैं जो विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। संतरे में लगभग 71 मिलीग्राम विटामिन सी होता है जबकि, छिलके में 136 मिलीग्राम से भी अधिक विटामिन सी होता है। छिलके में कॉपर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फोलेट, विटामिन ए और अन्य बी विटामिन और डाइटरी फाइबर होते हैं। ये सभी पोषक तत्व अद्‌भुत तरीकों से मानव स्वास्थ्य में योगदान करते हैं। संतरे के छिलके को त्वचा के लिए वरदान माना जाता है क्योंकि यह ब्लैकहेड्स, मृत कोशिकाओं, मुंहासों और धाग-धब्बे का इलाज करती है। यह आपके चेहरे को चमक भी देता है। आप उस अतिरिक्त चमक को पाने के लिए या टैन हटाने के लिए दूध या दही भी मिला सकते हैं। संतरे के छिलकों में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो दांतों की रक्षा करते हैं। इसके अलावा, आप संतरे के छिलकों का उपयोग करके भी अपने दांतों का पीलापन दूर कर सकते हैं। संतरे के छिलकों में लिमोनेन एक प्राकृतिक गंध और विलायक के रूप में भी काम करता है। यह आपके दांतों को प्राकृतिक तरीके से सफ़ेद करने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# ब्रह्मांडीय ऊर्जा से भरपूर हैं भगवान वेंकटेश्वर की आंखें

भारत देश में कई फ़ेमस मंदिर हैं। इन्हीं में से एक सबसे ज्यादा फ़ेमस धार्मिक स्थलों में तिरुपति बालाजी का मंदिर है। इस मंदिर की काफी मान्यता है और मंदिर से आस्था, प्रेम और रहस्य जुड़ा हुआ है। जिसकी वजह से मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। मान्यता के मुताबिक अपने भक्तों को सभी परेशानियों से बचाने के लिए भगवान वेंकटेश्वर कलयुग में जन्म लिया था। भगवान वेंकटेश्वर श्रीहरि विष्णु के अवतार हैं। कहा जाता है कि कलयुग में जब तक भगवान वेंकटेश्वर रहेंगे, तब तक कलयुग का अंत नहीं हो सकता है। आपको बता दें कि तिरुपति बालाजी मंदिर को कलयुग का वैकुंठ भी कहा जाता है। भगवान वेंकटेश्वर को श्रीनिवासा, बालाजी और गोविंदा के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तिरुपति बालाजी की आंखें क्यों बंद रहती हैं। अगर आपको इसका जवाब नहीं मालूम है, तो इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। धार्मिक मान्यता के मुताबिक भगवान वेंकटेश्वर का आधुनिक युग में निवास तिरुपति तिरुमाला मंदिर में माना जाता है। भगवान श्रीहरि के अवतार वेंकटेश्वर को उनकी चमकीली और शक्तिशाली आंखों के लिए जाना जाता है। भगवान वेंकटेश्वर अपने भक्तों की आंखों में सीधा नहीं देख सकते हैं, क्योंकि उनकी आंखें ब्रह्मांडीय ऊर्जा से भरपूर है। इसी वजह से उनकी आंखों को सफ़ेद मुखौटे से बंद कर दिया जाता है।

## पर्यटन



# बदरीनाथ धाम में मौजूद है यह बेहद पवित्र झरना, पाप करने वाले लोग छू तक नहीं पाते हैं इसका पानी

देवभूमि कहा जाने वाला उत्तराखंड राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पौराणिक महत्व के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां ऐसे कई स्थल हैं जिनका विशेष धार्मिक महत्व है। उत्तराखंड में कई बेहद खूबसूरत झरने हैं, जहां दुनियाभर से पर्यटक लुत्फ उठाते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे चमत्कारी झरने के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते होंगे। आज हम आपको वसुंधरा झरना के बारे में बताने जा रहे हैं जो पवित्र बद्रीनाथ धाम से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह झरना अपने आप में बहुत रहस्यमई है उसके बारे में कहा जाता है कि इस झरने का पानी पापी लोगों के ऊपर नहीं गिरता। वसुंधरा झरना करीब 400 फीट ऊंचाई से गिरता है। इस झरने का पानी जमीन पर गिरते समय मूर्तियों के समान नजर आता है। यह झरना बेहद पवित्र माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इसका पानी हर व्यक्ति के ऊपर नहीं गिरता है। माना जाता है कि इसका पानी पापी लोगों पर नहीं गिरता। देश विदेश से लोग इस झरने और इसके चमत्कार को देखने आते हैं। इस झरने को लेकर कई किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। एक धार्मिक कथा के अनुसार यहां पांच पांडवों में से सहदेव ने अपने प्राण त्यागे थे। कहा जाता है कि अगर इस झरने का पानी आप पर गिरे तो समझ जाएं कि आप नेक हैं। यही वजह है कि दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं और इस झरने के नीचे खड़े होते हैं। यह भी कहा जाता है कि इसने का पानी कई जड़ी बूटी वाले पौधों को छूकर नीचे गिरता है इसलिए इस पर भी इस झरने का पानी पड़ता है वह हमेशा के लिए निरोगी हो जाता है। अगर आप भी बद्रीनाथ की यात्रा पर जा रहे हैं तो वसुंधरा झरना देखना ना भूलें। इस जगह की खूबसूरती आपको स्वर्ग में होने की अनुभूति करवाएगी।

# सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में बढ़ाते हैं आत्मविश्वास : साकेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## वार्षिकोत्सव में मेधावी सम्मानित



निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम चकिया स्थित बाबादीन ब्रिलियंट स्कूल, का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने आयोजन को लेकर विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की। अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी। स्कूल प्रबंधक राजेन्द्र कुमार ने बताया कि बाबादीन स्कूल के संस्थापक बेहद गरीब परिवार से आते हैं और आसपास क्षेत्र के गरीब व कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिए यह स्कूल संचालित कर रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सुन्दर मनमोहक झांकी, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य प्रस्तुति कर सभी का मन मोहा। प्रबंधक ने विधायक श्री वर्मा का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। मंच संचालन शौरभ कमल द्वारा किया गया। इस दौरान प्रदीप रावत,सुनील विश्वकर्मा, स्कूल के प्रिंसिपल शिवशंकर व संजय कुमार बुनकर, अध्यापक अमित कुमार, रामकुमार, बालकराम, इन्द्रेश कुमार, अनिल कुमार सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पसमांदा महाज़ की बैठक सामाजिक न्याय पर वसीम का वननं नंजोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष निसार राईन बैठक को संबोधित करते हुए वसीम राईन ने पसमांदा समाज के हक, अधिकार और सामाजिक न्याय से जुड़े कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वसीम राईन ने अपने संबोधन में कहा कि पसमांदा समाज लंबे समय से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है, जिसे मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक नारेबाजी से बदलाव संभव नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करते हुए समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनानी होगी। उन्होंने सरकार योजनाओं का फायदा उठाए और सरकार में हिस्डसेदारी कैसे मिले इसके योजना बनाए पसमांदा( ओबीसी ) समुदाय के लिए विशेष योजनाएं सरकार ने बनाई है और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार को सबसे जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक उसका समुचित विकास संभव नहीं है। बैठक के दौरान कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और समाज की समस्याओं को साझा किया। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में रहे। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि पसमांदा समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा और एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। वसीम राईन ने संगठन को मजबूत करने पर भी बल दिया और कहा कि महाज़ को गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे समाज के बीच जाकर लोगों को जागरूक करें और उनकी समस्याओं को संगठन तक पहुंचाएं। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाएं और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिससे पसमांदा समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही, प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस तरह की बैठकों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा इस मौके पर सफीक राईन, जावेद राईन, सुहैल राईन, अब्दुल्लाह अहमद, वासी अहमद, तय्यब राईन, कलीम लाला, टुन्नी राईन, महमूद राईन, मोमिन राईन, रियाज राईन, सलमान राईन, अशफाक राईन, शोएब अली, सद्दाम हुसैन, मुसीर राईन, मुन्ना राईन राठौर, बब्लू राईन आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधायक की उपस्थिति में सुना मन की बात

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण सामूहिक रूप से सुना गया। प्रदीप रावत, सुनील विश्वकर्मा, वीरेंद्र मौर्य तथा मुनवा काका उर्फ रमाकांत बाजपेई भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' देशवासियों को प्रेरित करने वाला कार्यक्रम है। विधायक ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## उत्कृष्ट कार्य बढ़ाया कार्यकाल, हर्ष

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भगवान देबी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज रामनगर में तैनात प्रधानाचार्या ब्रज लता जैन के कार्यकाल एक वर्ष की वृद्धि को मंजूरी दी गई। कार्यकाल में वृद्धि श्रीमती जैन के बेहतर शैक्षिक व्यवस्थाओं की दृष्टि कर दी गई। कॉलेज के शिक्षक व अभिभावकों द्वारा विद्यालय प्रबंधन के प्रशंसा की गई। तथा कार्यकाल बढ़ने पर प्रधानाचार्या व समस्त कमेटी के सदस्यों को भी बधाई दी।

## सीसी रोड संपर्क मार्ग जनता को समर्पित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत द्वारा रामसनेहीघाट क्षेत्र के खेवराजपुर संपर्क मार्ग से खेवराजपुर गांव तक 15.50 लाख की लागत से 281 मीटर नव निर्मित सी सी रोड का जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा व भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा द्वारा आज संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा विकास का जो पहिया पूरे विधानसभा में चल रहा है वह अब रुकने वाला नहीं है हाथों की भाग्य रेखा की तरह यह सड़कें भी भाग्य रेखा हैं जो विकास और उन्नति के नए रास्तों को खोलती है।इस अवसर पर हरिकरन कश्यप, विमलेश पंडित, बंशी लाल रावत, विजय रावत, शिव मगन रावत, प्रवीन यादव, अमरेश, संदीप कश्यप, सिया राम रावत, सुरेंद्र गौतम, विशम्भर, किशन रावत, राम सागर यादव, माया राम यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद में रहे।

## मुंडा गोपाल आश्रम में रेलमेध यज्ञ के साथ नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। धर्मजागरण बाराबंकी धाम द्वारा जिले भर में रेलवे स्टेशनों पर जल व मिष्ठान वितरण किया गया। रविवार को चौथे वर्ष के आयोजन का शुभारंभ संस्था मुखिया अमित अवस्थी अधिवक्ता द्वारा किया गया।मुंडा गोपाल रेलवे हाल्ट पर पैसेंजर गाड़ियां सीतापुर से गोंडा और गोंडा से सीतापुर आने जाने वाली रेलगाड़ियों के यात्रियों को मिष्ठान व शीतल जल वितरण किया गया। इस अवसर मु मुख्य रूप से संगीत पाठक, विष्णु मौर्य, जितेन्द्र सिंह,रामसेवक प्रधान, मनोज कुमार आदि ने सहभागी किया। दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन मुंडा गोपाल आश्रम परिसर में दासगणु वेलफ़ेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया जिसमें डा. ऋषिकांत शुक्ल, डा. नेहा पटेल, शिखा वर्मा, सुभाष ने कैंप का संचालन धर्मसेवकों के सहयोग से किया। दाँतों का परीक्षण पश्चात नि:शुल्क दवा वितरण किया गया।अंत में मुंडा गोपाल रेलवे स्टेशन प्रभारी देवेंद्र सिंह ने चिकित्सकों की टीम व धर्मसेवकों के प्रति आभार जताया।

## नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के प्रसिद्ध एलिया मॉन्टेसरी स्कूल में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ के सहयोग से नेत्र जाँच शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 42 लोगों की आंखों का परीक्षणों उपरांत लेंस के लिए चिन्हित किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ सरकार अहमद खान,डॉ असद अहमद और मौलाना सैय्यद ज़मीरुल हसन रिज़वी बनारसी वाइस प्रिंसिपल जवादिया अरेबिक कॉलेज बनारस द्वारा किया गया।

# समारोह में हुआ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी।मरकामऊ के मुख्य चौराहे पर बृजेश वर्मा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह व हजरतपुर कुटी के उदासीन आश्रम के महंत जनार्दन दास अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एमएलसी श्री सिंह व महंत श्री दास ने सभी सनातन परिवार के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य चंचलेश वर्मा और प्रहलाद कुमार विमल का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया।महंत जनार्दन दास ने सनातन परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए एकता के साथ कार्य करने और धर्म का प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की, जिससे सनातन परिवार और अधिक मजबूत हो सके। महंत ने सनातन परिवार द्वारा पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की सराहना भी की।एमएलसी अंगद सिंह ने अपने संबोधन में भाजपा परिवार के नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के सदस्यों को जब भी उनकी आवश्यकता हो, वे उन्हें याद करें, और वे कंधे से कंधा मिलाकर कार्य पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। अंगद सिंह ने बताया कि भाजपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे नई ऊर्ज़ा मिली है, और अब इसी ऊर्ज़ा के साथ पार्टी के हित में कार्य कर लोगों को भाजपा से जोड़ा जाएगा।इस कार्यक्रम में सनातन परिवार मरकामऊ के अमरेंद्र सिंह बब्लू, पूर्व बीडीसी राकेश वर्मा, प्रधान रामसिंह यादव, अतुल वर्मा, हंसराज वर्मा, राम प्रसाद त्रिवेदी, राहुल वर्मा, मनमोहन वर्मा, विनोद वर्मा, पुनीत वर्मा, संतोष वर्मा, देशराज वर्मा चंद्रशेखर, आर्यन वर्मा, विनीत मौर्य, आकाश गजराज वर्मा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पेंड से गिरकर युवक की मौत, चूल्हे का सहारा

निंदूरा बाराबंकी।रसोई गैस के अभाव में लकड़ी तोड़ने गए युवक की पेड़ से गिरकर मौत हुई। प्रबंधन व्यवस्था सवालों के घेरे में है। लोगों को लकड़ी का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।खाना पकाने के लिए लकड़ियां तोड़ रहा युवक की पेड़ से गिरकर असमय मौत हुई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कोठीपुर मजरे ओझियापुर निवासी विशनु कुमार 35, चूल्हा जलाने के लिए लकड़ियों के लिए गांव के बाहर स्थित एक बाग में लगे जामुन के पेड़ पर चढ़कर सूखी टहनियां तोड़ रहा था।इसी दौरान संतुलन बिगड़ा और वह? नीचे गिर पड़ा।परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।थानाप्रभारी निरीक्षक मनोज सोनकर ने बताया कि लकड़ियां तोड़ते समय पेड़ से गिरकर एक युवक की मौत हुई है। परिजनों की मांग पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ''जटिल रसोई गैस व्यवस्था रोजी-रोटी के लाले'' बाराबंकी में रसोई गैस की कमी का परिणाम बहुत ही गंभीर है। इसका असर न केवल आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है, बल्कि होटल व्यवसाय, ढाबे, हथकरघा उद्योग और यहां तक कि स्कूलों और अस्पतालों पर भी पड़ा है। लोगों को सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है, और कई बार तो सिलेंडर नहीं मिल पाता है। इसके कारण कई छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, और लोगों को रोजी-रोटी का संकट हो गया है।

## डीएम, एसपी ने कुर्रिया में मां दुर्गा के किए दर्शन, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

शाहजहांपुर। प्राचीन दुर्गा माता मंदिर कुर्रिया कलां में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा एवं सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना कर मत्था टेका। कुर्रिया कलां के प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर के कपाट 27 मार्च से 3 दिनों के लिए खोले गए थे,कपाट खुलते ही हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचे। देवी मां के दर्शन

# सड़क हादसा, शर्मनाक लापरवाही! शवों से गायब हुए आभूषण, परिजनों का फूटा गुस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। हादसे में जान गंवाने वाली दो महिलाओं के शवों से आभूषण गायब होने का गंभीर आरोप लगने के बाद पूरे घटनाक्रम ने नया और संवेदनशील मोड़ ले लिया है। स्मरण रहे कि कल शनिवार शाम फतेहपुर-सिहाली मार्ग पर इसेपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुए भीषण सड़क हादसे में देवरानी-जेठानी की मौके पर ही मौत हुई थी। हादसा इतना भयानक था कि दोनों महिलाओं ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि साथ में मौजूद तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रचलित है। रविवार को जब पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए, तो माहौल गम से गुस्से में बदल गया। परिजनों का आरोप है कि मृतक महिलाओं के शरीर से सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। उनका कहना है कि महिलाओं के पास झुमकी, मंगलसूत्र और सोने की चेन जैसे आभूषण मौजूद थे, लेकिन शव मिलने पर ये नहीं पाए गए। एक महिला के पैरों में केवल पायल ही बची मिली। परिजनों ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए नगर कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि हादसे के बाद अगर किसी ने शवों के साथ छेड़छाड़ कर आभूषण निकाले हैं, तो यह बेहद शर्मनाक और अमानवीय कृत्य है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र निवासी इंद्रजीत वर्मा अपनी पत्नी खुशी वर्मा (18), भाभी पिंकी देवी (28) और तीन वर्षीय भतीजी के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग खुली, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। अब इस मामले में आभूषण गायब होने की शिकायत ने पुलिस के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर आभूषण कहां और कैसे गायब हुए। यह घटना न सिर्फ सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है, बल्कि हादसे के बाद की व्यवस्थाओं और मानवीय संवेदनाओं पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है।

# मेहनत और लगन से ही मिलती है सफलता: उमेश प्रसाद, रेलवे से जुड़े खिलाड़ी सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा भारतीय रेलवे में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों और ट्रेड यूनियन लीडर को सम्मानित किया गया।नगर के गांधी भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान उ.प्र सरकार द्वारा खेल के सर्वोच्च सम्मान लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित स्वीमिंग प्लेयर उमेश प्रसाद, नेशन हॉकी प्लेयर मुकुल शाह, सीनियर हॉकी खिलाड़ी नीतू शर्मा और पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के ट्रेड यूनियन लीडर सुभाष दुबे को सम्मानित किया गया है। सात बार गोल्ड मेडलिस्ट और लक्ष्मण अवार्डी प्लेयर उमेश प्रसाद वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे की भारतीय टीम के स्वीमिंग कोच के पद पर कार्यरत हैं। इस सम्मान के तहत खिलाड़ियों को गांधी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से मोमेंटो और शॉल प्रदान किया गया। सभी खिलाड़ियों को यह पुरस्कार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए दिया गया है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खेलों को दी जा रही प्राथमिकता की जमकर प्रशंसा की।लक्ष्मण अवार्डी प्लेयर उमेश प्रसाद ने क्लब के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता के लिए फोकस्ड रहना, ईमानदारी से प्रयास करना और अंतिम तक हार न मानना ही सफलता की असली कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन मो. उमैर किदवई ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा, क्लब के अध्यक्ष एवं सीनियर हॉकी खिलाड़ी सलाउद्दीन किदवई, धीरेन्द्र त्रिवेदी, मुजीब अहमद, रामाशीष वर्मा, मो. फारूख, विजय अवस्थी, मो समद, आदित्य कुमार, जे.पी गुप्ता, पीटीआई मो तौहीद खान, यूथ आइकॉन असद साजिद, अनवर महबूब किदवई, विनय कुमार सिंह, अशोक शुक्ला, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा अंकित शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस का संविधान संवाद, जनता बदलाव के मूड में आमजन की गाढी कमाई का भाजपा सरकारों ने किया दुरुपयोग : अजय राय






कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोटवा सड़क के समीप एक निजी मैरिज लान में रविवार को आयोजित संविधान संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कीआगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि संविधान संवाद काढर्यक्रम पूरे प्रदेश में शुरू किया गया है जिसके माध्यम से लोगों को मौजूदा सरकार द्वारा संविधान पर किए जा रहे हमले से अवगत कराया जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं जिसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिला जिसमें इंडिया गठबंधन ने मोदी के 400 पार अभियान को रोक दिया। उन्होंने कहा कि 400 पार के पीछे मौजूदा सरकार की साजिश यह रही कि यदि यह बहुमत मिल गया तो संविधान बदल दिया जाएगा परंतु देश व प्रदेश की जनता ने उनके मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया।उन्होंने इस सफल कार्यक्रम के लिए अब्दुल्लाह शेर खान को धन्यवाद देते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं से आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जनता अब बदलाव के मूड में है और ल्हमारा वोट हमारी ताकतङ्क के संकल्प के साथ प्रदेश की जनता भाजपा के मंसूबों को विफल कर कंग्रेस को भारी बहुमत दिलाएगी। राय ने आरोप लगाया कि जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग हुआ है और बैंकिंग प्रणाली से जुड़े बड़े घोटालों में शामिल लोगों को संरक्षण मिला। उन्होंने कहा कि देश से फरार आर्थिक अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, जबकि सत्ता बदलने पर ऐसे सभी आरोपियों को वापस लाकर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर बाहरी व्यापारियों के वर्चस्व का मुद्दा भी उठाते हुए स्थानीय हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। नेता विधानमंडल आराधना मिश्रा ने देवा महादेवा एवं पारिजात की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह जनपद रफी अहमद किदवाई जैसे क्रांतिकारियों की जन्मस्थली है, उन्होंने कहा कि आज हम यदि खड़े होकर बोल रही हैं तो यह बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान की ताकत है। बाराबंकी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि क्रांतिकारियों की धरती रही है और संविधान की बदौलत ही आम आदमी सम्मानपूर्वक जीवन जी पा रहा है। उन्होंने कंग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष भसमा प्रसाद मिश्रा, संचालक शारिक अली शालू ,वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, चेतनारायण, राजेंद्र प्रताप सिंह, वर्मा भानु वर्मा , मनीष रावत सहित तमाम नेताओं एवं कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मयुख 2026! वार्षिक उत्सव बालाजी के बचपन, पूर्ण किए स्वर्णिम पंद्रह वर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा जी आई सी ऑडिटोरियम में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह मयुख 2026में संस्थान की तीन शाखाएं बालाजी का बचपन, टाइम्स पब्लिक स्कूल, एवं बालाजी किड्स संयुक्त रूप से इस भव्य आयोजन में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जतिन वर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि हिमांशु सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।स्वर प्रथम बालाजी का बचपन स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सविता कौर ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ दे करके एवं टाइम्स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नाजिया फातिमा ने विशिष्ठ अतिथि को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया एवं बालाजी किड्स की प्रधानाचार्या श्रीमती निखत परवीन एवं बालाजी के बचपन की उप प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना कौर ने सयुक्त रूप से दोनों अतिथियो को स्मृति स्वरूप एक एक पौधा प्रदान किया । बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक अंकुर माथुर जी ने बताया कि बालाजी संस्थान ने सफलतापूर्वक अपने स्वर्णिम तीस सालों को पूरा किया एवं बालाजी के बचपन ने अपने स्वर्णिम पंद्रह सालों को पूरा किया। अंकुर माथुर जी ने उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने तीस सालों से बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर साथ दिया उन कहा कि बालाजी संस्थान आज जो भी है वो आप सब की वजह से है इसी क्रम में दोनों अतिथियों ने बालाजी संस्थान के संस्थापक रवींद्र माथुर श्रीमती प्रिया माथुर श्री चंद्र शेखर काण्डपाल को बालाजी संस्थान के तीस साल सफलतापूर्वक पूरे करने के लिए सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि श्री जतिन वर्मा, सम्मानित विशिष्ठ अतिथि श्री हिमांशु सिंह, निदेशक अंकुर माथुर जी के द्वारा बच्चों के पूरे साल के प्रदर्शन और उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया। ये अवॉर्ड उनकी सफलता की कहानी बताते हैं। कक्षा 8 से 'स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर' 5100 धनराशि की विजेता रही अलंकृता सिंह । बालाजी स्कॉलर द्वारा कक्षा 4 से स्पोर्ट्स में प्रतिभाशाली प्रदर्शन के कारण में कृष्णेंद्र यादव की 5100 फीस माफ़ी के लिए पुरस्कृत किया गया ।

चैंपियन ट्रॉफी के विजेता रहे 'कंपैशन हाउस के मेंबर्स'को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। स्टार अचीवर की विजेता रहे कक्षा तीन से अद्विका दीक्षित,कक्षा आठ से अनन्या नीलम, कक्षा सात से मैधांश बाजपेई को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। समारोह का समापन सभी की मेहनत और सहयोग से सफल रहा।

# चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल्स के मुकाबले में अपनी पूर्व टीमों के मुकाबिल सैमसन, जडेजा

एजेंसी




गुवाहाटी। पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिये खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिये खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे। सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बायें हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रूपये में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिये जाने जाते हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत लग रही है चूंकि डेवाल्ड ब्रेविस अब परिपक्व हो चले हैं जबकि शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी तेजी से निखरते जा रहे हैं। गेंदबाजी में नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद जिम्मेदारी संभालेंगे। रॉयल्स के लिये सैमसन का जाना एक युग का अंक है और रियान पराग की कप्तानी में एक नये दौर की शुरूआत है जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरूआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढा है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 : वेटलिफ्टिंग में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने जीता स्वर्ण


एजेंसी



रायपुर। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत महिला 86 प्लस किलोग्राम वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने आज रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस स्पर्धा में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ज़ोसांगज़ुआली ने स्नैच में 70 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 83 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 140 किलोग्राम के साथ पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने मिजोरम को गौरवान्वित किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया जा रहा है। असम की पिंकी बोरो ने शानदार प्रयास करते हुए कुल 125 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने स्नैच में 55 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 70 किलोग्राम का प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश की गुंजन उइके ने भी दमदार खेल दिखाते हुए कुल 86 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 39 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 47 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता में त्रिपुरा की ट्विस्मु जमातिया चौथे स्थान पर रहीं, जिन्होंने कुल 77 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही की सभी खिलाड़ियों ने युवा आयु में बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जहां हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। आयोजन स्थल पर दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों के प्रदर्शन को और ऊर्जा दे रहा था।

# विश्व नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने जीता मियामी ओपन 2026 का खिताब, 'सनशाइन डबल' जीतने वाली बनीं पांचवीं खिलाड़ी

एजेंसी




मियामी। मियामी ओपन 2026 के फाइनल में विश्व नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए घरेलू खिलाड़ी कोको गॉफ को शनिवार रात 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया और 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली दुनिया की पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गईं। 'सनशाइन डबल' में इंडियन वेल्स ओपन और मियामी ओपन दोनों खिताब लगातार जीतना शामिल होता है। मैच की बात करें तो सबालेंका ने पहले सेट में 2-0 की बढ़त लेते हुए दबदबा बनाया और आसानी से सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जहां गॉफ ने एकमात्र ब्रेक हासिल कर 6-4 से सेट अपने नाम कर मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचाया। तीसरे सेट में सबालेंका ने फिर से नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने शुरुआती गेम में ही ब्रेक किया और लगातार शानदार सर्विस गेम खेलते हुए 5-3 की बढ़त बनाई। अंत में गॉफ की बैकहैंड गलती के साथ सबालेंका ने मैच अपने नाम कर लिया। पूरे मैच में सबालेंका ने अपने पहले सर्व पर 73 प्रतिशत अंक जीते और उन्हें सिर्फ दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा।

# भारतीय मुक्केबाजों की नजरें एशियाई चैम्पियनशिप में मजबूत शुरूआत पर

एजेंसी



उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिये सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिये नये व्यस्त सत्र की शुरूआत होगी जिसमें जुलाई अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर . अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैम्पियनशिप के जरिये मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिये सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जोर्डन, थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया (57 किलो ) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं निकहत, मीनाक्षी और जैसमीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा ,'' एशियाई चैम्पियनशिप कठिन परीक्षा होगी। हमें पता है कि पिछले एक दशक में एशियाई मुक्केबाजी का स्तर काफी बेहतर हुआ है और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से कई एशिया से हैं। उन्होंने कहा ,'' हमारा इतिहास बताता है कि हम पदक जीत सकते हैं। हमारी नजरें कई पदकों पर है जिसके लिये हमारे मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना जरूरी है। भारतीय पुरूष टीम पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरूष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सी ए कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरूष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो ) पर रहेगा। भारतीय टीम : महिला : मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो ), प्रीति पवार (54 किलो ), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरूंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो ), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो )।

# एनएसई 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल वायदा अनुबंध शुरू करेगा

एजेंसी



नयी दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल (प्लैट्स) का वायदा कारोबार शुरू करेगा। इससे एक्सचेंज के वैश्विक तेल बेंचमार्क से जुड़े जिंस वायदा पेशकश का विस्तार होगा। यह अनुबंध, एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी (प्लैट्स) दिनांकित ब्रेंट मूल्यांकन पर आधारित होगा, और इसका कारोबार 'बीआरक्रूडऑयल' के रूप में किया जाएगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा, ''एक्सचेंज अपने सदस्यों को यह सूचित करते हुए खुशी महसूस कर रहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद वह 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल (प्लैट्स) वायदा अनुबंध शुरू करने जा रहा है। इस अनुबंध को पेश करने का उद्देश्य बाजार प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बेंचमार्क के अनुरूप हेजिंग के लिए माध्यम उपलब्ध कराना है।

# पश्चिम एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया संतुलित और भरोसेमंद : सीआईआई

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। बनर्जी ने कहा, ''नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर सही ढंग से ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, ''अगले चरण में उद्योग को व्यावहारिक और जिम्मेदार कार्यों के साथ इस नींव पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है। उद्योग जगत सरकार की इस पहल के उद्देश्य और क्रियान्वयन दोनों की सराहना करता है। उन्होंने कहा, ''इन उपायों ने मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने, औद्योगिक गतिविधियों को बनाए रखने और वैश्विक अनिश्चितता के समय में भरोसे को कायम रखने में मदद की है, साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को भी समर्थन दिया है। सीआईआई ने कहा कि वर्तमान स्थिति एक आपूर्ति संबंधी बाधा है, जो ऊर्जा की कीमतों, लॉजिस्टिक और कामकाजी पूंजी पर दबाव डाल रही है। उद्योग मंडल ने कुछ कदम सुझाए हैं, जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों में उद्योग अपनाने पर विचार कर सकता है। उद्योग मंडल ने सुझाव दिया कि उद्योग सरकार के साथ मिलकर महत्वपूर्ण कच्चे माल, ईंधन और बीच के उत्पादों के लिए रणनीतिक भंडार और सुरक्षा तंत्र तैयार कर सकता है। सामान को साझा भंडारण, साझा बुनियादी ढांचे और बेहतर डेटा प्रणाली के माध्यम से रखना भविष्य में किसी संकट से निपटने की देश की तैयारी को मजबूत करेगा।

# कैरेटलेन की 2026-27 में 40 नए स्टोर खोलने की योजना

एजेंसी




मुंबई। टाटा समूह समर्थित आभूषण ब्रांड कैरेटलेन की आगामी वित्त वर्ष में 40 स्टोर खोलने की योजना है। इनमें 10 प्रतिशत स्टोर कंपनी के स्वामित्व वाले होंगे। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने यह जानकारी दी। कैरेटलेन के प्रबंध निदेशक सौमेन भौमिक ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''अभी हमारे लगभग 50 स्टोर हैं, और हमें अगले साल (2026-27) लगभग 40 स्टोर और जुड़ने की उम्मीद है। हालांकि, हम उन्हें खोलने में जल्दबाजी नहीं करेंगे। पहली तिमाही में, हम शायद स्टोर की संभावनाएं तलाशेंगे और दूसरी तिमाही में हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विस्तार शुरू करेंगे। इन नए स्टोर में से लगभग 10 प्रतिशत कंपनी के स्वामित्व वाले होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा 50 परिचालन वाले स्टोर में से लगभग 13 प्रतिशत कंपनी के स्वामित्व वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह विस्तार उत्तर, पूर्व और दक्षिण में ज्यादा होगा, जबकि पश्चिम में कम स्टोर खुलेंगे। भौमिक ने कहा, ''मुझे लगता है कि उत्तर, पूर्व और दक्षिण में हम विस्तार करना जारी रखेंगे। पश्चिम में, हम कम स्टोर खोलेंगे क्योंकि हमने उस क्षेत्र में पहले ही अच्छी संख्या में स्टोर खोल लिए हैं। अभी, मैं यह पक्का करना चाहता हूं कि पश्चिमी क्षेत्र का हर स्टोर अपनी क्षमता से ज्यादा पर काम करे। भौमिक ने कहा कि इन स्टोर के विस्तार के लिए जरूरी कोष आंतरिक संसाधनों से जुटाया जाएगा। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कुल पूंजीगत खर्च का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व 3,983 करोड़ रुपये था।

# ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

## शेयर समीक्षा




मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा, आने वाले सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा जो 02 अप्रैल को जारी होगा। वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 01 और 02 अप्रैल को जारी किये जायेंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह गुरुवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। सोमवार और शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही जबकि मंगलवार और बुधवार को लिवाली को जोर रहा। बीएसई का सेंसेक्स पिछले सप्ताह 949.74 अंक (1.27 प्रतिशत) लुढ़ककर शुक्रवार को 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी इस दौरान 294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत टूटकर 22,819.60 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गयी। बीईएल का शेयर सबसे अधिक पांच फीसदी टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का 4.69 प्रतिशत, ट्रेंट का 4.64, भारतीय स्टेट बैंक का 3.62, एचडीएफसी बैंक का 3.10, टाइटन का 3.09 और अडानी पोर्ट्स का 2.01 प्रतिशत फिसल गया। टाटा स्टील का शेयर 1.75 प्रतिशत, आईटीसी का 1.72, मारुति सुजुकी का 1.70, एनटीपीसी का 1.29 और इंडिगो का 1.16 प्रतिशत गिर गया। आईसीआईसीआई बैंक, बजाज, फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी नीचे बंद हुए। एलएंडटी में सबसे अधिक 3.82 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.22 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1.68, इंफोसिस का 1.23, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.14 और सनफार्मा का 1.02 प्रतिशत ऊपर रहा। एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इटरनल और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.75 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली, 29 मार्च (भाषा) कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1.75 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 89,720.3 करोड़ रुपये घटकर 18,24,515.62 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 37,248.59 करोड़ रुपये घटकर 11,64,018.69 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में 35,399.42 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 9,41,569.15 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 8,121.76 करोड़ रुपये घटकर 8,83,551.30 करोड़ रुपये रह गया और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 2,480.42 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये पर आ गई। हिंदुस्तान युनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 2,091.13 करोड़ रुपये घटकर 4,87,540.19 करोड़ रुपये रहा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 271.35 करोड़ रुपये घटकर 8,64,668.65 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 18,051.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,90,536.19 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,680.36 करोड़ रुपये बढ़कर 5,25,395.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,245.3 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,15,034.67 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू मांग को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है।

मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। घरेलू पाइप्ड गैस और सीएनजी-ट्रांसपोर्ट के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति जारी है। औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत का लगभग 80 प्रतिशत गैस मिल रही है, जबकि उर्वरक संयंत्रों को 70 से 75 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है। आपूर्ति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी और आरएलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मार्च महीने में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। एलपीजी आपूर्ति भी सामान्य बनी हुई है। एक दिन में 55 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडर वितरित किए गए हैं और किसी भी डीलर के पास गैस खत्म होने की सूचना नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड आधारित वितरण 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है। कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर अब पूर्व स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। 14 मार्च से अब तक 39,368 मीट्रिक टन वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति की गई है, जबकि एक दिन में लगभग 64,000 छोटे सिलेंडर बेचे गए।

सरकार ने राज्यों को अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर मिट्टी तेल आवंटित किया है और कोयले की अतिरिक्त आपूर्ति भी सुनिश्चित की है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके। जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती करते हुए देशभर में करीब 2900 छापे मारे गए हैं और लगभग 1000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल विपणन कंपनियों ने 1200 से अधिक पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया है तथा अब तक 480 नोटिस जारी किए हैं। समुद्री परिवहन में 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज, जिनमें 485 नाविक सवार हैं, पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद हैं।

दो एलपीजी जहाज लगभग 94,000 मीट्रिक टन गैस लेकर भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिनमें से एक 31 मार्च को मुंबई और दूसरा 1 अप्रैल को न्यू मंगलुरु पहुंचेगा। देश के सभी बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और कहीं भी जाम की स्थिति नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। दूतावास 24 घंटे सक्रिय हैं और हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है।

# एलडीएफ-यूडीएफ ने वर्षों तक किया सत्ता का व्यापार, राजग-भाजपा करेगी केरल का विकास : मोदी

एजेंसी



पलक्कड़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर खोखले वादे कर केरल के लोगों को दगा देने और वर्षों तक सत्ता का व्यापार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा-राजग सरकार केरल का तेज विकास करेगी और विकसित केरल बनाएगी।

श्री मोदी ने रविवार को केरल के पलक्कड में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बढ़ती लोकप्रियता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति बढ़ता लोगों का विश्वास, आज आप सबका ये उत्साह और ये समर्थन, इतनी बड़ी संख्या में आप सबकी उपस्थिति... ये बता रहा है कि केरल का मूड एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि अब केरल के युवा, महिलाएं और किसान भाजपा और राजग पर पूरा भरोसा करते हैं और उन्हें अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केरल बदलाव का संदेश दे रहा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक ओर एलडीएफ तो दूसरी ओर यूडीएफ,एक ओर कम्युनिस्ट तो दूसरी ओर कांग्रेस, एक भ्रष्ट तो दूसरा महाभ्रष्ट, एक सांप्रदायिक तो दूसरा महासांप्रदायिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ की सारी नीतियां केवल वोटबैंक राजनीति के लिए ही होती हैं। इन्हें केरल के विकास की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा, ''अब मैं आपको भरोसा देता हूं कि यहां बनने वाली भाजपा-राजग सरकार केरल का तेज विकास करेगी, विकसित केरल बनाएगी... ये मोदी की गारंटी है।'' उन्होंने कहा कि केरल में टीम भाजपा और टीम राजग सरकार बनाने के लिए मैदान में है। उन्होंने कहा, '' हम केरल की जनता के आशीर्वाद से, आप सबके आशीर्वाद से यहां सरकार बनाएंगे और हम केरल की सेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, ''राजग का लक्ष्य है केरल के लोगों के सपने पूरे करना। हमने केंद्र में रहते हुए, केरल के विकास के लिए हर प्रयास किए हैं।'' इस खास मौके पर प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडु (धोती) पहने हुए नजर आए। जनसभा में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने केरल के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र 'चेंडा' (ड्रम) पर अपना हाथ आजमाया। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ चेंडा बजाया।

# केंद्र की विदेश नीति पर जयराम रमेश का हमला, पाकिस्तान की 'वैश्विक स्वीकृति' पर उठाए सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि हालिया घटनाक्रमों के चलते पाकिस्तान को फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता मिल रही है।

श्री रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कड़े बयान में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए उसे ''लोकतंत्र के नाम पर ढोंग'' और ''आईएमएफ तथा चीन और सऊदी अरब जैसे देशों पर निर्भर अर्थव्यवस्था'' करार दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान आतंकवादियों के लिए पनाहगाह रहा है। श्री रमेश ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों बिल क्लिंटन, श्री जॉर्ज डब्ल्यू. बुश, श्री बराक ओबामा और श्री जो बाइडेन के कार्यकाल में पाकिस्तान के प्रति सख्त रुख अपनाया गया था। उन्होंने 2008 मुंबई आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय अलगाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि अब स्थिति उलट गई है और पाकिस्तान को ''नयी स्वीकृति'' मिल रही है। उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के कथित बयान का हवाला देते हुए इसे मोदी सरकार की विदेश नीति और कूटनीतिक रणनीति की ''बड़ी विफलता'' बताया।

श्री रमेश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि वॉशिंगटन की नीतियों ने भी पाकिस्तान की स्थिति सुधारने में योगदान दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि अमेरिका के साथ करीबी संबंधों के बावजूद ऐसा बदलाव क्यों हुआ। उन्होंने हाउडी मोदी कार्यक्रम और नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम जैसे आयोजनों का हवाला देते हुए कहा कि व्यक्तिगत कूटनीति पर अत्यधिक जोर दिया गया, लेकिन इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिला।

# मन की बात' में स्थिरता का भरोसा, वैश्विक चुनौतियों से निपटने को तैयार भारत : नितिन नवीन

एजेंसी

गुवाहाटी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि वैश्विक तनावों के बावजूद भारत पूरी तरह स्थिर है और किसी भी उभरती चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से जनता से अपील की है कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि भारत के विभिन्न



देशों के साथ मजबूत कूटनीतिक संबंधों के कारण स्थिति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि 20 से अधिक तेल और गैस ले जाने वाले जहाज सुरक्षित रूप से भारत पहुंच चुके हैं, जबकि कई अन्य रास्ते में हैं, जिससे देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित सऊदी अरब, यूएई, कतर और फ्रांस जैसे देशों के नेताओं के संपर्क में हैं, ताकि वैश्विक स्थिति पर नजर रखी जा सके और भारत के हितों की रक्षा की जा सके। प्रधानमंत्री ने देश में पर्याप्त ईंधन भंडार होने की बात दोहराते हुए कहा कि सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# कांग्रेस ने अपनी नीतियों से राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया : शाह

एजेंसी

शोणितपुर (असम)। असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शोणितपुर में एक जनसभा के दौरान कंाग्रेस पर अपना हमला और तेज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से अपनी नीतियों के जरिए राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया है और अब केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों का विरोध कर रही है।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि कंाग्रेस सरकार ने 'अवैध प्रवासी (ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारण) अधिनियम' (आईएमडीटी) इसलिए बनाया था ताकि असम में घुसपैठियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अवैध प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें हटाने के केंद्र सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह मुद्दा सरकार के लिए हमेशा से ही एक प्राथमिकता रहा है। पूरे देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का ज़िक्र करते हुए कंाग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर इस प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विरोध से अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कंाग्रेस के रुख को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। असम कंाग्रेस के नेता और लोकसभा सांसद गौरव गोगोई को निशाने पर लेते हुए अमित शाह ने उन्हें चुनौती दी कि वे राज्य की जनता के सामने अपना रुख स्पष्ट करें। कहा कि अगर गौरव गोगोई यहां आते हैं, तो उनसे पूछिए कि वे एसआईआर का विरोध क्यों कर रहे हैं। उन्हें यह साफ करना चाहिए कि वे घुसपैठियों के साथ खड़े हैं या उनके खिलाफ। उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने असम दौरे की शुरुआत में शनिवार शाम को गुवाहाटी में एक भव्य रोड शो किया था, जिसमें लाखों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

## सुकमा मुठभेड़ में इनामी नक्सली मुचाकी कैलाश कमांडर ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच रविवार को हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली मूचाकी कैलाश कमांडर मारा गया। थाना पोलमपल्ली क्षेत्र के जंगल-पहाड़ी इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम ने तलाश अभियान शुरू किया था। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के मुताबिक आज सुबह से ही तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। मुठभेड़ के बाद जब इलाके की तलाशी ली गई तो एक पुरुष माओवादी का शव बरामद किया गया। मौके से हथियार भी जब्त किए गए हैं। फिलहाल आसपास के क्षेत्र में अभियान जारी है। पुलिस ने मारे गए नक्सली की पहचान मूचाकी कैलाश के रूप में की है, जो प्लाटून नंबर 31 में सेक्शन कमांडर के पद पर सक्रिय था। वह सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के पूलनपाड़ का निवासी बताया गया है। उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह कई नक्सली घटनाओं में वांछित था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, इस तरह की मुठभेड़ों की स्वतंत्र पुष्टि और विस्तृत जांच की प्रक्रिया अलग से जारी रहती है, जिसमें घटनास्थल के तथ्यों और परिस्थितियों का आकलन किया जाता है। इस बीच, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टलिंगम ने बयान जारी कर नक्सली कैडरों से आत्मसमर्पण की अपील की है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास की नीतियां लागू हैं और हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटना एक विकल्प बना हुआ है।

## तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान का जवाबी हमला करने की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर 30 मार्च दोपहर 12 बजे तक अमेरिका और इजरायल ईरान के शिक्षण संस्थानों पर हुई बमबारी की निंदा नहीं करते हैं, तो वे पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालयों पर जवाबी हमले करेंगे।
ईरानी अधिकारियों ने मार्च महीने में विश्वविद्यालय और कई शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर अमेरिकी-इजरायली हमलों की जानकारी दी है, जिसमें 28 मार्च को तेहरान में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर हुआ हमला भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने बताया कि वैज्ञानिक और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और कम से कम पांच लोग मारे गए हैं।
आईआरजीसी ने एक बयान में ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय को 'वैध लक्ष्य' बताया। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी और इजरायली सेनाओं ने तेहरान साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर बमबारी करके एक बार फिर ईरानी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि अब से पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय हमारे लिए वैध लक्ष्य होंगे, ईरानी विश्वविद्यालय के बदले में दो विश्वविद्यालयों पर हमला किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

### अफवाहों में न...

के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है, जिन्होंने रणजी सीजन में 60 विकेट लिए हैं। देशभर के क्रिकेट फैंस के लिए यह महीना जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। देश के कई हिस्सों में गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है यानि ये समय जल संरक्षण के अपने संकल्प को फिर से दोहराने का है। पिछले 11 सालों में 'जल संचय अभियान' ने लोगों को बहुत जागरुक बनाया है। इस अभियान के तहत देश-भर में करीब 50 लाख आर्टिफिशियल वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। हमारे मछुआरे भाई-बहन सिर्फ समुद्र के योद्धा नहीं हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर भारत की एक मजबूत नींव भी हैं। वे सुबह होने से पहले समन्दर की लहरों से जूझते हुए, अपने परिवार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में जुट जाते हैं। ऐसे मेहनतकश मछुआरों का जीवन आज कई तरह से आसान बनाया जा रहा है। जब समाज खुद आगे आता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बन जाते हैं। हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो हमें यही सिखाते हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक प्रेरक प्रयास देखने को मिला। वहां एक ही घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना।

### नेपाल सरकार...

नियमों के जरिए अब पढ़ाई का शेड्यूल तय समय पर लागू किया जाएगा। नेपाल सरकार के प्लान के मुताबिक बड़े नेताओं और अफसरों की संपत्ति की जांच की जाएगी। इसके लिए 15 दिनों के अंदर एक कमेटी बनाई जाएगी, जो 2006 के बाद बड़े पद पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगी। इसके बाद 1991 से 2006 के बीच के मामलों को भी देखा जाएगा। सरकार चाहती है कि सरकारी कामकाज साफ-सुथरा और जिम्मेदारी से हो। इसके लिए हर मंत्रालय को अपना काम तय समय में पूरा करना होगा। किसे क्या करना है और कब तक करना है, यह पहले से तय रहेगा और इसकी रिपोर्ट प्रधानमंत्री कार्यालय को देनी होगी। सरकार संविधान में बदलाव को लेकर भी तैयारी कर रही है। इसके लिए 7 दिनों के अंदर एक पेपर तैयार किया जाएगा, ताकि इस पर खुलकर बात हो सके। सरकार ने यह भी कहा है कि जिन लोगों के साथ पहले अन्याय या भेदभाव हुआ है, उसे 15 दिनों के अंदर स्वीकार किया जाएगा। इसके बाद उनके लिए मदद और सुधार की योजना बनाई जाएगी।

### बिना मुकदमे के...

अवलोकन करते हुए, न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मुकदमे की सुनवाई तक अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है; और, चूंकि अपील स्वीकार करने योग्य है, इसलिए अपीलकर्ता को जमानत दी जा सकती है। पीठ ने उसे निचली अदालत की संतुष्टि के अनुरूप जमानत बॉण्ड प्रस्तुत करने और अन्य नियम-शर्तों का पालन करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अपीलकर्ता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी गवाह को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा। शीर्ष न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कुमार को निर्देश दिया कि वह मुकदमे की कार्यवाही में नियमित रूप से उपस्थित रहेगा जब तक कि उसे छूट ना दी जाए।

### कांग्रेस सरकार रोड़ा...

साथ ही बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित शिक्षण व मेडिकल संस्थानों व जिलों का नाम बदलने व उनके नाम पर बने स्थलों, स्मराकों तथा पार्कों की अनदेखी व उपेक्षा में लगी रही। यह किसी से भी छिपा नहीं है। मायावती ने कहा कि यूपी की जनता से अपील है कि वे विरोधी पार्टियों की छलावापूर्ण राजनीति व बहकावे में न आएं। बसपा के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धांत में विश्वास रखते हुए अपने और प्रदेश के विकास के लिए बसपा के आयरन नेतृत्व पर ही भरोसा करें।

### ईरान ने अमेरिका और...

मिसाइल और ड्रोन हमले शामिल थे। ऑपरेशन के पहले चरण में मिसाइल और ड्रोन हमलों ने अमेरिकी ठिकानों विक्टोरिया, आरिफजान और अल खर्ज में हवाई और ड्रोन ऑपरेशनल बुनियादी ढांचे के साथ-साथ हथियारों के जखीरों को निशाना बनाया। आईआरजीसी ने बताया कि बाद के चरणों में अमेरिका और इजराइल की सेनाओं के ठिकानों के साथ-साथ कोमाला समूह से जुड़े तत्वों को विभिन्न क्षेत्रों अराद, नेगेव, तेल अवीव, एरबिल, अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट और अल धफरा को निशाना बनाया गया। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त रुप से हमला किया था। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई समेत कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों और नागरिकों की मौत हो गई थी। इन हमलों से ईरान के सैन्य और नागरिक ठिकानों को भारी जान-माल का नुकसान हुआ और बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति पहुंची। इसके जवाब में ईरान ने कार्रवाई करते हुए कब्जे वाले क्षेत्रों और क्षेत्रीय ठिकानों पर मौजूद अमेरिकी और इजरायली ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन की लहरों से निशाना बनाया है।

### जल जीवन मिशन...

नल जल कनेक्शनों को आधार से जोड़ा गया है और परिसंपत्तियों की जियो टैगिंग की जा रही है, ताकि निगरानी मजबूत हो सके। गुणवत्ता बनाए रखने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण को अनिवार्य किया गया है। भुगतान से पहले एजेंसियां निर्माण कार्य, उपयोग की गई सामग्री और मशीनरी की जांच करती हैं। इसके साथ ही केंद्र ने राज्यों को सख्त निर्देश दिया है कि अनियमितताओं के मामलों में शून्य सहनशीलता नीति अपनाई जाए और हर शिकायत की गंभीर जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### नौ वर्षों में 9 लाख...

नहीं मानता, सबकी आस्था का सम्मान करता हूंमुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे कपड़े को देखकर लोग मानते होंगे कि मैं अंधविश्वास को मानता होऊंगा। मैं आस्था में विश्वास करता हूं, सबकी आस्था का भी सम्मान करता हूं, लेकिन अंधविश्वास को कतई नहीं मानता। मुझे बोला गया था कि नोएडा नहीं जाना है। मैंने कहा क्यों? क्या वहां सीएम नहीं जाते। मैंने कहा क्या नोएडा यूपी से बाहर है। बताया गया कि यह मान्यता है कि वहां जाएंगे तो सीएम कुर्सी से उतर जाएंगे। हमने कहा कि कुर्सी से एक न एक दिन जाना ही है, तो कुर्सी के मोह में हम क्यों पड़े? मैं वहां जरूर जाऊंगा और गया भी था। उस दौरान देखा कि वहां 4 लाख मामले बिल्डर और बायर्स के हैं। मैंने बायर्स और बिल्डर से बात की। साथ ही बिल्डर्स को मकान बनाने को कहा, चाहे जैसे बनाओ। आज सभी 4 लाख लोगों को मकान दिए जा चुके हैं। उस दौरान अंधविश्वास को मानने वाले लोग कौन थे, जो भारत की आस्था पर उंगली उठाते हैं? मुख्यमंत्री ने कहा है कि पिछले नौ वर्षों में नौ लाख मैनपावर सरकारी सेवाओं में जुड़ी है। ये सभी प्रतिभाशाली और युवा ऊर्ज़ा से भरपूर हैं। इसी का नतीजा है कि जो राज्य पहले बीमारू था, वह आज भारत की इकोनॉमी का ग्रोथ इंजन बन गया है। वर्ष 2016 की तुलना में आज प्रति व्यक्ति आय तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। पहले नोएडा और ग्रेटर नोएडा को क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता थामुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभा जब भी सम्मानित होगी और उसे प्लेटफार्म मिलेगा, उसका लाभ देश और राज्य को मिलेगा। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए एक-एक स्टेजेस पर शासन द्वारा निगरानी की जाती है। हमारी तीसरी आंख उन सबको वॉच करती है, जो भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे लोगों को हम पहले ही खींच कर बाहर निकाल लाते हैं और उनका कैसे इलाज किया जाता है, यह किसी से छिपा नहीं है। इसी का परिणाम है कि प्रत्येक सेक्टर में यूपी ने विकास किया है। यूपी के नौजवानों के सामने जो पहचान का संकट था, उस पहचान के संकट से वह मुक्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इसे प्रदेश सरकार ने बनाया, जिस प्रदेश की आबादी सबसे बड़ी है, हम कार्य भी सबसे बड़ा करेंगे। इसे हम लोगों ने जेवर में करके दिखाया है। इससे एक लाख नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। वर्ष 2017 के पहले यह क्षेत्र प्रदेश के साथ देश के क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता था। शाम को 5 बजे के बाद गतिविधियां शून्य हो जाती थीं। प्रातः 10 बजे के पहले तक कर्फ्यू जैसा माहौल रहता था। आज यह डबल इंजन सरकार की स्पीड और दृढ़ इच्छाशक्ति है कि केवल प्रदेश नहीं बल्कि देश और दुनिया का इन्वेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभर कर सामने आया है। कुछ लोग अफवाहें और दुष्प्रचार कर माहौल खराब करना चाहते हैंमुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश और दुनिया का हर बड़ा संस्थान ग्रेटर नोएडा आना चाहता है। आज वहां मेडिकल डिवाइस पार्क, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटीज, टॉय पार्क और अपैरल पार्क बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सेमीकंडक्टर की सबसे बड़ी यूनिट का शिलान्यास किया। इस युग में सेमीकंडक्टर के बगैर पूरी दुनिया एकदम लाचार है, जैसे एक समय तेल के बगैर दुनिया लाचार हो जाती थी, ऐसे ही सेमीकंडक्टर के बगैर दुनिया लाचार हो जाती है, वह अब यूपी के अंदर बनेगा। इसे वर्ष 2017 के पहले सोचा नहीं जा सकता था क्योंकि उस दौरान इच्छाशक्ति और नीयत साफ नहीं थी। वे लोग पहले भी कुछ नहीं करना चाहते थे, आज भी करने की इच्छाशक्ति नहीं है, जो कार्य हो रहा है उस कार्य को डिस्टर्ब कर रहे हैं। इतना ही नहीं, दुष्प्रचार और अफवाह फैला करके माहौल को खराब करने का काम कर रहे हैं। दुनिया संकट में है और उथल-पुथल चल रही है। तमाम देशों में इमरजेंसी लागू हो गई है। लोगों में वहां संशय का माहौल बना हुआ है। गल्फ वार के नाते अस्थिरता का माहौल है। तमाम देशों ने अपने यहां लोगों की सर्विस को कम करना प्रारंभ कर दिया है। कार्य के घंटे और वेतन को कम करना प्रारंभ कर दिया है, क्योंकि अब उनकी इकॉनामी जवाब दे रही है। अमेरिका जैसा देश, जिसकी खाड़ी के देशों पर निर्भरता कम है, वहां पर भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत के अगल-बगल के देशों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया सबकी हालत खराब है। अघोषित इमरजेंसी जैसी स्थितियां चल रही हैं, लेकिन इन सब में बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके भारत दुनिया के अंदर एकमात्र देश है, जो लगातार अपनी यात्रा की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है, इसलिए क्योंकि भारत के पास प्रधानमंत्री मोदी जैसी विजनरी लीडरशिप है। बहराइच से 500 परिवारों को विस्थापित करने का काम पहले भी हो सकता थामुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में बहराइच में भारत-नेपाल बॉर्डर पर शारदा और सरयू नदी के तट पर स्थित एक गांव के 500 लोगों को विस्थापित किया गया है। सभी को आवास, जमीन का पट्टा और प्रत्येक परिवार को 21 लाख रुपये की सहायता दी गई। इनके लिए पार्क, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और राशन की दुकान उपलब्ध करवाई गई। ये काम पहले भी हो सकता था, लेकिन जब उस सरकार के पास संवेदना होती तब सरकार इसके बारे में सोचती। वर्ष 2017 से पहले मेडिकल कॉलेज की संख्या भगवान भरोसे थीपहले की सरकारें हॉस्पिटल की बिल्डिंग बनाकर एक दो डॉक्टर नियुक्त करके वाहवाही लूटते थे जबकि चिकित्सीय सेवा की रीढ़ नर्सिंग स्टाफ होता है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वर्ष 2017 के पहले मेडिकल कॉलेजेस की संख्या भगवान भरोसे थी। वह हमारी सेवाओं पर प्रश्न खड़ा करते हैं, मुझे हंसी आती है। वे सत्ता में रहने के बाद भी कुछ नहीं कर पाए। उस दौरान नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होती तो आप में से एक भी सेलेक्ट नहीं होता क्योंकि आप में से बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिनके मां-बाप के पास पैसा पढ़ाने के लिए है, लेकिन वह अनैतिक तरीके के लिए पैसा नहीं दे सकते और देना भी नहीं चाहिए। पहले की सरकार के दौरान मर चुकी एमएसएमई में आज तीन करोड़ से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रविवार के दिन नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं। हमारे लिए रविवार का दिन छुट्टी का नहीं होता है। संडे हो या मंडे, हमारे लिए सब एक जैसे दिन होते हैं। हमें सुबह से लेकर शाम तक काम करना ही करना है, क्योंकि नहीं करेंगे तो परिणाम नहीं आएंगे। हम लोग छुट्टी की परवाह किए बगैर, बिना रुके- डिगे थके प्रधानमंत्री की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान को नई ऊंचाई तक लेकर के जाना है। हम सभी को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनाना है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने सुना 'मन की बात' का 132वां एपिसोड, बोले-पर्यटन को मिला नया आयाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इन्द्रानगर स्थित एक होटल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' एक प्रभावी जनसंवाद मंच है, जिसके माध्यम से देशभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पहचान और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों की प्रेरणादायक कहानियां इस कार्यक्रम के जरिए आमजन तक पहुंचती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से विभिन्न अवसरों पर उत्तराखंड का उल्लेख किए जाने से राज्य के पर्यटन को नया आयाम मिला है। उन्होंने बताया कि




'मन की बात' के कई एपिसोड में राज्य की शीतकालीन यात्रा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं भी राज्य के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों आदि कैलाश और उत्तरकाशी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र का भ्रमण कर चुके हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव पर्यटन पर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्तमान वर्ष में राज्य में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक उत्तराखंड पहुंचे हैं, जबकि आदि कैलाश क्षेत्र में 36,700 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को 'ऑल-सीजन टूरिज्म हब' के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके तहत पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, सड़क संपर्क में सुधार, आवासीय व्यवस्थाओं का विकास और डिजिटल सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को स्थानीय आजीविका और रोजगार सृजन का प्रमुख माध्यम बनाया जा रहा है। ग्रामीण पर्यटन, होमस्टे योजना और धार्मिक पर्यटन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में विधायक सविता कपूर आदि मौजूद रहे।

# विकास मार्ग पर ट्रैफिक सुधरा, सफर हुआ आसान, सफर 25 से घटकर 15 मिनट पहुंचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के व्यस्ततम मार्गों में शामिल विकास मार्ग पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के विशेष अभियान का असर दिखने लगा है। सख्त प्रवर्तन, सिग्नल सुधार और ट्रैफिक प्रबंधन के उपायों के चलते यहां यातायात सुगम हुआ है। अब इस मार्ग पर यात्रा समय 20-25 मिनट से घटकर करीब 14-15 मिनट रह गया है। (ट्रैफिक) जोन-1 की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विजयांता गोयल आर्या ने रविवार को बताया कि विकास मार्ग ट्रांस-यमुना को मध्य दिल्ली से जोड़ने वाला अहम कॉरिडोर है, जहां लक्ष्मी नगर, प्रीत विहार और निर्माण विहार जैसे मेट्रो स्टेशन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और कोचिंग संस्थान होने के कारण भारी यातायात रहता है। हालांकि, अवैध पार्किंग, टूटी डिवाइडर और फीडर लेन के कारण यहां जाम की समस्या बनी रहती थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त




के अनुसार स्थिति सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कई कदम उठाए हैं। प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि अवैध पार्किंग हटाने के लिए क्रेन लगातार तैनात हैं। लक्ष्मी नगर चौराहे को सिग्नल-फ्री किया गया है, वहीं कड़कड़ी मोड़ पर फ्लाईओवर और अंडरपास के जरिए यातायात सुधार की दिशा में काम जारी है। इसके अलावा, मास्टर प्लान रोड पर कड़कड़ी मोड़ से एंट्री सीमित कर दी गई है और यू-टर्न के लिए निर्धारित स्थान तय किए गए हैं। आगे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि पिछले दो हफ्तों में ट्रैफिक पुलिस ने 198 वाहनों को टो किया, जबकि करीब 200 वाहनों को क्लैंप किया गया। वर्ष 2026 में अब तक 11,005 चालान काटे जा चुके हैं, जिनमें अवैध पार्किंग और अनधिकृत ई-रिक्शा संचालन शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के अनुसार सख्त प्रवर्तन, सिग्नल ऑप्टिमाइजेशन और विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से विकास मार्ग पर ट्रैफिक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हमारा प्रयास है कि यातायात सुचारु और सुरक्षित बना रहे। हम लोगों से अपील करते हैं कि वे नियमों का पालन करें और अवैध पार्किंग से बचें।

# दिल्ली में ड्रग्स नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई 4.5 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी में नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक संगठित ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में करीब 4.5 करोड़ कीमत की साइकोट्रॉपिक दवाएं जब्त की हैं। मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने रविवार को बताया कि उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में ड्रग्स की खेप आने की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद इंस्पेक्टर प्रवीण राठी के नेतृत्व में टीम ने जौहरीपुर रोड पर जाल बिछाया। यहां बाइक सवार एक युवक को एक नाबालिग के साथ दबोचा गया। आरोपित की पहचान नितिन पाठक (20) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.912 किलो अल्प्राजोलम की 11,900 गोलियां और 0.491 किलो ट्रामाडोल की 825 गोलियां बरामद हुईं। पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने उप्र के भोपुरा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर संचालक प्रेम सिंह यादव (30) को गिरफ्तार किया। वहां से 1.218 किलो ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए गए। जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने 21 मार्च को लक्ष्मी नगर निवासी शालू कुमार (45) को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 1.627 किलो अल्प्राजोलम की गोलियां मिलीं। इसके बाद 23 मार्च को संजय सिंह (36) को भी दबोचा गया, जो इस नेटवर्क में सप्लाई चेन का अहम हिस्सा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य डॉक्टर की पर्ची पर मिलने वाली दवाओं को अवैध रूप से इकट्ठा कर उन्हें ऊंचे दामों पर सप्लाई करते थे। आरोपी नितिन पाठक पहले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव रह चुका है, जिससे उसे दवाओं की मांग और सप्लाई की अच्छी जानकारी थी। वहीं, अन्य आरोपी भी मेडिकल स्टोर और दवा सप्लाई के काम से जुड़े रहे हैं। इस पूरे ऑपरेशन में कुल 3.539 किलो अल्प्राजोलम (करीब 3.5 करोड़) और 1.709 किलो ट्रामाडोल (करीब 1 करोड़) जब्त किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर में बड़े स्तर पर सक्रिय था और लंबे समय से नशे की आपूर्ति कर रहा था।

## तेल-गैस मुद्दे पर विधानसभा में झूठ बोलने के लिए माफी मांगें भगवंत मान: जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को राज्य की भगवंत मान सरकार पर विधानसभा में तेल और गैस की कमी को लेकर 'झूठा' प्रस्ताव पारित करने और जनता के बीच अनावश्यक अफरा-तफरी का माहौल पैदा करने का गंभीर आरोप लगाया। श्री जाखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अब खुद स्वीकार कर रहे हैं कि राज्य में आपूर्ति सामान्य है, जो उनके पिछले दावों और विधानसभा में लाए गए निंदा प्रस्ताव की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है।विस्तृत समाचा

# बिहार बोर्ड माध्यमिक परीक्षा का परिणाम जारी, 81.79 प्रतिशत छात्र सफल, दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से किया टॉप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने रविवार को मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर की मौजूदगी में नतीजों की घोषणा की। इस वर्ष कुल 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जो पिछले साल के 82.11 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ा कम है। लगातार आठवें वर्ष बिहार बोर्ड ने देश में सबसे पहले मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी कर एक बार फिर रिकॉर्ड कायम किया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य बन गया है जहां मार्च महीने में ही इंटर और मैट्रिक दोनों परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 12 दिनों के मूल्यांकन कार्य के बाद परिणाम जारी करना बोर्ड की बड़ी उपलब्धि है। इस




वर्ष परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है। जमुई के सिमतुला आवासीय विद्यालय की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली के चौराई स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय की सबरीन परवीन ने 492 अंक (98.4 प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना रहीं, जिन्होंने 489 अंक (97.8 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर बक्सर की अनूपा कुमारी और बेगूसराय के ओम कुमार रहे, जिन्हें 488 अंक (97.6 प्रतिशत) मिले। चौथे स्थान पर समस्तीपुर की ज्योति कुमारी, बांका के अनुभव कुमार और पूर्णिया के अंश राज ने 487 अंक (97.4 प्रतिशत) हासिल किए। वहीं, पांचवें स्थान पर बेगूसराय की प्रेरणा कुमारी, भोजपुर की नसरीन परवीन, बेगूसराय के अवनीश कुमार, कैमूर के विकास कुमार गुप्ता और सहरसा के रुपेश कुमार शामिल रहे, जिन्होंने 486 अंक (97.2 प्रतिशत) प्राप्त किए। टॉप-5 में कुल 13 परीक्षार्थी शामिल हैं, जबकि 6वें से 10वें स्थान तक 126 छात्रों ने जगह बनाई है। छात्र-छात्राएं अपना परिणाम बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी के बीच राज्यभर के 1,699 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा में कुल 15.12 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 7.85 लाख छात्राएं और 7.26 लाख छात्र थे। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड महज़ एक कागज़ का टुकड़ा : भाजपा

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की 'सेहत क्रांति' पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पंजाब सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं और केवल विज्ञापनों तक सीमित हैं। श्री शर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि एक साधारण परिवार की पीड़ा ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने बताया कि परिवार के पास वैध 'हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड' होने के बावजूद, आपातकालीन चिकित्सा स्थिति में उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली और निजी अस्पताल के भारी-भरकम बिल के सामने यह कार्ड महज एक बेकार कागज का टुकड़ा साबित हुआ।

# सड़क सुरक्षा के लिए पहल: सिविल लाइंस में हेलमेट वितरण, लोगों को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को सिविल लाइंस इलाके में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया गया और करीब 100 हेलमेट वितरित किए गए। सिविल लाइंस ट्रैफिक सर्कल द्वारा आयोजित इस अभियान का नेतृत्व एसीपी उत्तरी अशोक मंडोला और ट्रैफिक इंस्पेक्टर यशपाल भाटी ने किया। चंदगीराम अखाड़ा सिग्नल पर एक एनजीओ के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को बिना हेलमेट वाहन चलाने के खतरों के बारे में विस्तार से बताया गया। ट्रैफिक के वरिष्ठ




अधिकारियों ने दोपहिया चालकों को समझाया कि हेलमेट न पहनने से दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट या जान का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करते हुए मौके पर ही लगभग 100 हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और ट्रैफिक पुलिस के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और विशेष रूप से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) जोन-1 विजयन्ता गोयल आर्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रखी जा सके।

# पुलिस ने 114 खोए-चोरी मोबाइल लोगों को लौटाए



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी गैंग स्क्वॉड, सदर्न रेंज और नॉर्दर्न रेंज-ऋऋकी संयुक्त कार्रवाई ने कुल 114 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि डिजिटल युग में मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि निजी डाटा, बैंकिंग जानकारी, फोटो और महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अहम साधन बन चुका है। ऐसे में फोन खोने या चोरी होने पर लोगों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच की विभिन्न इकाइयों ने तकनीकी और फील्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाया।

**एंटी गैंग स्क्वॉड की उपलब्धि:** क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र कुमार के अनुसार एंटी गैंग स्क्वॉड ने वर्ष 2026 में अब तक 33 खोए/चोरी मोबाइल फोन ट्रेस किए, जिनमें से 19 मोबाइल उनके मालिकों को वापस किए जा चुके हैं। इस सफलता में डब्ल्यू/एचसी रूबी, कांस्टेबल मनजीत और मनोज कुमार की टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम ने दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी निगरानी के जरिए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया।

**सदर्न रेंज की तेज कार्रवाई:** वहीं सदर्न रेंज की टीम ने भी विशेष अभियान चलाकर महज 15 दिनों में 31 मोबाइल फोन बरामद किए। 27 मार्च को इनमें से 10 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे गए। इस टीम में एसआई राजेश, एसआई अनुराग, एएसआई जगत सिंह, एएसआई संदीप समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया ने किया। जबकि नॉर्दर्न रेंज-ऋऋ ने भी 25 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद 50 मोबाइल फोन बरामद कर सभी को उनके मालिकों को सौंप दिया। 27 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में लोगों को उनके फोन लौटाए गए। इस अभियान में एसआई प्रदीप गोदारा, एसआई प्रीतम चंदर, हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।पुलिस अधिकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीमों ने सीईआईआर पोर्टल, तकनीकी सर्विलांस और फील्ड वर्क के समन्वय से मोबाइल ट्रेस किए। लगातार निगरानी, डेटा विश्लेषण और ग्राउंड लेवल पर छापेमारी के जरिए यह सफलता हासिल की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क योग कक्षाएं शुरू

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 22 मार्च से आमजन के लिए निःशुल्क योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः 6 से 7 बजे तक आयोजित साप्ताहिक योग सत्र में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस सत्र में योग विभाग के अध्यापकों, प्रशिक्षकों एवं शोधार्थियों के साथ निकटवर्ती मानपुर पश्चिम गांव के नागरिक भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में कोरिया से आए एक प्रोफ़ेसर की सहभागिता ने इसकी गरिमा को बढ़ाया और योग की वैश्विक स्वीकार्यता को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि यह निःशुल्क योग शिविर आम जनता के स्वास्थ्य संवर्धन और योग के सकारात्मक प्रभाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ना चाहिए।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने तैयार की कार्य योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। जिले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुविधा-संपन्न बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर दुर्गम त्यूनी तक विभिन्न चिकित्सालयों में 34 आउटसोर्स कार्मिकों की तैनाती की गई है।

प्रशासन के अनुसार, जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय मसूरी एवं ऋषिकेश, मॉडल टीकाकरण केंद्र, एसएनसीयू, शव विच्छेदन गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूनी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में लैब तकनीशियन, कक्ष सेविका, वाहन चालक, पर्यावरण मित्र और अन्य सहायक स्टॉफ की नियुक्ति की गई है। इन कार्मिकों के वेतन की स्वीकृति जिला योजना से प्रदान




की गई है। जिलाधिकारी द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण में चिकित्सालयों में मानव संसाधन की कमी सामने आने के बाद यह निर्णय लिया गया। इसके तहत जिला चिकित्सालय के मॉडल टीकाकरण केंद्र में 7 कार्मिक, उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश में 13, मसूरी में 7, एसएनसीयू में 2, शव विच्छेदन गृह में 1, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूनी में 2 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में 2 कार्मिकों की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी व्यापक कार्य योजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत आवश्यकतानुसार कार्मिकों की सेवाओं का विस्तार मार्च 2027 तक स्वीकृत किया गया है। आउटसोर्स एजेंसियों जैसे उपनल एवं पीआरडी के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को भी सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी ने रविवार को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी चिकित्सालयों में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए व आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063